



दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -315 जबलपुर, मंगलवार 14 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### महाकुम्भ 2025 का पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शुभारंभ, संगम पर भारी भीड़

## पहले दिन 1.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रयागराज. (आरएनएस)। प्रयागराज के पावन संगम तट पर महाकुंभ 2025 का प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा सोमवार सूर्य की किरणें फूटने से पहले ब्रम्ह मुहूर्त में शुरू हो गया. आधी रात से ही श्रद्धालु मेला क्षेत्र में विभिन्न रास्तों से प्रवेश करने लगे और संगम पर भीड़ बढने लगी. हर-हर गंगे और जय गंगा मैया के घोष के बीच स्नान शुरू हुआ तो सुबह का उजाला होते होते संगम नोज स्नानार्थियों से पट गया. संगम क्षेत्र में सोमवार से ही माह भर का कल्पवास भी प्रारंभ हो गया. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर पौष पूर्णिमा की बधाई दी.




योगी ने आगे लिखा कि प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुम्भ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, उत्तर प्रदेश पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुम्भ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद! उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महाकुंभ मेले की शुरुआत पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानवता के महापर्व महाकुंभ 2025 में पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगम में स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई। योगी ने एक्स पर लिखा कि प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया।

योगी ने आगे लिखा कि प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुम्भ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, उत्तर प्रदेश पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुम्भ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद! पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें। कुछ तस्वीरों को साक्षा करते हुए उन्होंने लिखा कि यह अभिनंदन है आस्था का, वंदन है विश्वास का, जयघोष है सनातन का, उद्घोष है महाकुम्भ का... हर-हर गंगे!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, भारतीय मूल्यों और संस्कृति को धारण करने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिवस महाकुंभ 2025 प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है, जहां असंख्य लोग आस्था, समर्पण और संस्कृति के एक पवित्र संगम में एकत्र हो रहे हैं। महाकुंभ भारत की सनातन विरासत का प्रतीक है। उन्होंने लिखा, मैं असंख्य लोगों के वहां आकर डुबकी लगाते और संतों का आशीर्वाद लेते देखकर अभिभूत हूं। सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के शानदार प्रवास की कामना करता हूं।

## पीएम मोदी ने किया सोनमर्ग के जेड मोड़ सुरंग का उद्घाटन, इन्हें मिलेगा लाभ



श्रीनगर. (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनमर्ग में बने जेड मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया है. गांदेरबल जिला में बना यह सुरंग सामरिक और आर्थिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है. इससे लद्दाख तक सेना की पहुंच आसान होगी. इसके साथ ही सोनमर्ग और आसपास के क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा.

जम्मू-कश्मीर में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है. इसके चलते नरेंद्र मोदी ने गर्म कपड़े पहन रखे थे. उन्होंने हूडी वाला जैकेट और दस्ताना पहना था. आंखों पर काला चश्मा लगाया था. उद्घाटन के बाद नरेंद्र मोदी फूलों से सजाए गए एक वाहन पर सवार हुए और सुरंग के अंदर गए.

6.5 किलोमीटर लंबा जेड मोर सुरंग श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच हर मौसम में सड़क संपर्क की सुविधा देगा. पहले अत्यधिक बर्फ पडने के चलते महीनों तक सड़क बंद रहता था. इससे पूरे साल आसानी से सोनमर्ग पहुंचा जा सकेगा. सोनमर्ग बर्फ से जुड़े खेलों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है. नया सुरंग यहां पहुंचना आसान बनाएगा. प्रधानमंत्री के साथ जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा मौजूद हैं. नरेंद्र मोदी इस अवसर पर एक रैली को भी संबोधित करेंगे. इसके बाद सुरंग के निर्माण में शामिल मजदूरों से मिलेंगे.

जेड मोड़ सुरंग प्रोजेक्ट की लंबाई करीब 12 किलोमीटर है. सुरंग की लंबाई 6.5 किलोमीटर है. इसे बनाने में 2,700 करोड़ रुपए की लागत आई है. यह समुद्र तल से 8,650 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित है. सोनमर्ग सुरंग लेह के रास्ते में श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क बढ़ाएगी. भूस्खलन और हिमस्खलन के चलते पहले यह रास्ता बंद हो जाता था. अब रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लद्दाख क्षेत्र तक जाना आसान होगा.

### उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी की जमकर की तारीफ, बोले- आपने अपना वादा 4 महीने में पूरा किया

जम्मू- जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। ज़ेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में अपने कार्यक्रम के दौरान आपने (पीएम मोदी) 3 बेहद अहम बातें कहीं। आपने कहा कि आप दिल की दूरी और दिल्ली की दूरी को खत्म करने पर काम कर रहे हैं और यह वास्तव में आपके काम से साबित हुआ है। उमर अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि उस दौरान आपने जम्मू कश्मीर की जनता से कहा था कि बहुत जल्द चुनाव होंगे और लोगों को अपने वोट के जरिए अपनी सरकार चुनने का मौका मिलेगा। आपने अपनी बात रखी और 4 महीने के अंदर चुनाव हो गए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव हुए और सबसे बड़ी बात यह रही कि कहीं भी किसी तरह की अनियमितता की शिकायत नहीं आई, सत्ता के दुरुपयोग की कोई शिकायत नहीं आई। इसका श्रेय आपको (पीएम मोदी), आपके सहयोगियों और भारत के चुनाव आयोग को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा दिल कहता है कि बहुत जल्द आप (पीएम मोदी) राज्य का दर्जा बहाल करने का अपना वादा पूरा करेंगे। आज इस अवसर पर मैं आपको इतनी ठंड में यहां आने के लिए तहे दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। आपका जम्मू-कश्मीर से बहुत पुराना रिश्ता है, हमें उम्मीद है कि आप बार-बार यहां आएंगे,

## एमपी बीजेपी जिलाध्यक्षों के नाम घोषित, जबलपुर से राजकुमार पटेल

भोपाल (आरएनएस)। नौ दिन भोपाल से दिल्ली तक चली कवायद के बाद भाजपा ने सोमवार को 18 जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी। इससे पहले उज्जैन और विदिशा के अध्यक्षों की घोषणा एक दिन पहले हो चुकी है। जिलाध्यक्षों के चुनाव में भाजपा संगठन के पसीने छूट गए, बड़े नेताओं की खींचतान में रायशुमारी को भी तवज्जो नहीं मिल पाई।

भोपाल शहर - रविंद्र यति

भोपाल ग्रामीण - तीरथ सिंह मीणा जबलपुर - राजकुमार पटेल छतरपुर -चंद्रभान सिंह गौतम अशोक नगर -आलोक तिवारी देवास - रायसिंह सेंधव खंडवा- राजपाल सिंह तोमर

मऊगंज- राजेंद्र मिश्रा उज्जैन ग्रामीण- राजेश धाकड़गुना- धर्मेंद्र सिकरवार

हरदा- राजेश वर्मा रतलाम- प्रदीप उपाध्याय (यथावत) उज्जैन नगर- संजय अग्रवाल विदिशा - महाराज सिंह दांगी पन्ना- बृजेंद्र मिश्रा शिवपुरी- जसमंत जाटव बुरहानपुर-मनोज माने नीमच-वंदना खंडेवाल मैहर-कमलेश सुहाने श्योपुर-शशांक भूषण ग्वालियर-चंबल में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए जसवंत जाटव को शिवपुरी का अध्यक्ष बनाया गया है। जाटव को भाजपा में



आए पांच वर्ष भी हुए हुए हैं। वर्ष 2020 में दलबदल के बाद जाटव उपचुनाव हार गए थे। पिछले चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। इससे पहले भाजपा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र के विदिशा जिले में उनके करीबी महाराज सिंह दांगी को और मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन का जिला अध्यक्ष घोषित किया था और मुख्यमंत्री के करीबी संजय अग्रवाल को उज्जैन नगर जिला अध्यक्ष बनाया गया था।

**समीकरणों के आधार पर घोषणा**

पार्टी अब राजनीतिक समीकरणों के आधार पर ही अन्य जिलाध्यक्षों की घोषणा करेगी। भोपाल में पचौरी रिपीट नहीं हो पाए, रविंद यति नए जिलाध्यक्ष- भोपाल में रविंद्र यति को नगर अध्यक्ष बनाया गया है। यति भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नजदीकी रहे हैं।

### एमपी.के अधिकतर शहरों में बादल छाए

जबलपुर/भोपाल. एमपी के अधिकतर शहरों में आज बादल व कोहरा छाया रहा. भोपाल में कोहरे के बीच फुहार भी चल रही थी, जबलपुर में सुबह के वक्त कोहरा छाया रहा, दोपहर में धूप-छांव होती रही,

**अवकाश सूचना**



आज मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दिन मंगलवार 14. 01. 2025 को दैनिक क्षितिज किरण कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: हमारा अगामी अंक दिन गुरूवार 16.01.2025 को प्रकाशित होगा।

संपादक

### मोहन यादव बोले- संतों के सुझावों पर विचार कर रही सरकार

## मध्य प्रदेश में भी शराब पर लगेगा बैन ?

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार धार्मिक शहरों में शराब पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है ताकि इन स्थानों की पवित्रता और मर्यादा सुनिश्चित की जा सके। हालांकि अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन राज्य सरकार इस संबंध में संतों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार कर रही है। सीएम यादव ने कहा कि सरकार जल्द फैसला लेगी। सीएम मोहन यादव ने संतों के सुझावों पर जोर देते हुए कहा कि सरकार धार्मिक शहरों की सीमा के भीतर शराब की दुकानें बंद करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। मोहन यादव ने कहा कि वर्तमान बजट वर्ष समाप्त होने वाला है और हमारी सरकार सोच रही है कि हमें धार्मिक शहरों में अपनी नीति में संशोधन करना चाहिए और उन शहरों में शराब पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई संतों ने सुझाव दिए हैं और हमारी सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है कि हमें अपने धार्मिक शहरों की सीमा के भीतर इन उत्पाद शुल्क की दुकानों को बंद कर देना



चाहिए ताकि हम धार्मिक माहौल के बारे में लोगों की शिकायतों की दिशा में ठोस कदम उठा सकें। हम गंभीर हैं और जल्द ही इस संबंध में फैसला लेंगे। सितंबर 2024 में भी सीएम मोहन यादव ने धार्मिक शहरों में शराब की बिक्री पर रोक लगाने की बात कही थी। एमपी के सीएम मोहन यादव सोमवार को केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की मौजूदगी में 614 करोड़ रुपए के सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी प्रोजेक्ट का भूमिपूजन करेंगे। उन्होंने कहा कि आज केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का भूमिपूजन करने आ रहे हैं। इस परियोजना से हम सिंहस्थ 2028 के दौरान अपने संतों को पवित्र क्षिप्रा नदी के पवित्र जल से स्नान करा सकेंगे। मुझे संतोष है कि हम उस दिशा में ठोस कदम उठाने में सफल रहे। इससे पहले 2004 में, हम उन्हें गंभीर नदी के पानी में स्नान कराने में सक्षम थे क्योंकि क्षिप्रा नदी में पानी की मात्रा बहुत कम है। सिंहस्थ 2016 के दौरान संतों ने नर्मदा जी के जल से स्नान किया. लेकिन हमें संतुष्टि है कि अब हम साल भर क्षिप्रा में स्नान कर सकेंगे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार पत्रकार श्री सिन्हा की स्मृति में 14 फरवरी को आयोजित होगा स्मृति समारोह

नर्मदापुरम (निप्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, पत्रकार स्व. विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को जो कार्यक्रम भोपाल में होते हैं वह नर्मदापुरम में होना एक अच्छी पहल है। मुझे उस कार्यक्रम में सम्मानित होने शामिल होने का मौका मिला है। वास्तव में अपने आप में एक गरिमामय कार्यक्रम होता है। उसे हम सब मिलकर नर्मदापुरम में आयोजित करेंगे। इसके लिए जल्द ही आयोजन समिति का गठन कर दिया जाएगा। यह बात पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने जनपद पंचायत के सभाहाल में आयोजित स्व. विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह समिति की बैठक में कही। इस अवसर पर दैनिक क्षितिज किरण पत्र समूह के प्रधानसंपादक केके सक्सेना, निदेशक विलक्षण सक्सेना,

### आयोजन के लिए समिति की बैठक आयोजित हुई, जल्द ही गठित होगी चयन समिति



दैनिक क्षितिज किरण की भोपाल ब्यूरोचीफ श्रीमती भावना सक्सेना, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, तैराकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पियूष शर्मा सहित समिति के अनेक सदस्य मौजूद रहे। बैठक में केके सक्सेना ने आयोजन समिति के लिए संयोजक के पद डॉ सीतासरन शर्मा का नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन बलराम शर्मा ने किया। वहीं बलराम शर्मा ने आयोजन समिति के लिए अध्यक्ष के पद पर के.के. सक्सेना का नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा व समाजसेवी शरीफ राईन ने किया। डॉ शर्मा ने कहा कि आयोजन में मुख्यअतिथि कोई मंत्री या कोई वरिष्ठ पदाधिकारी को आमंत्रित किए जाने के लिए केके सक्सेना ही तय करेंगे। डॉ शर्मा ने समारोह की अध्यक्षता के लिए सांसद दर्शन सिंह के नाम का सुझाव रखा जिसे समिति के सभी सदस्यों ने एक मत से स्वीकार किया।विलक्षण सक्सेना ने अवगत करया कि समारोह में हर वर्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, न्यायविद, कर्मठ प्रशानिक अधिकारी, पत्रकार, साहित्यकार, समाजसेवी व चित्रकार का चयन कर सम्मान किया जाता है। इसके लिए अलग अलग चयन समिति बनाई जाती है। डॉ शर्मा ने कहा कि नर्मदांचल में भी अनेक साहित्यकार, पत्रकार हैं। जिनके चयन के लिए जल्द ही समिति तय होगी। जो जल्द ही नाम तय करेगी।बैठक में शरीफ राईन ने कहा कि वास्तव में यह आयोजन गरिमामय आयोजन रहेगा। उसकी गरिमा बनाए रखना हम सबका कर्तव्य रहेगा।

बैठक में यादव समाज के नंद किशोर यादव, कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक विजय श्रीवास्तव, साहित्यकार पं गिरिमोहन गुरू, पत्रकार, तुकाराम यादवेश, श्याम राय, गजेंद्र राजपूत, हिना अली, कमल राव चव्हाण,खुश्बू मूलचंदानी, लोकेश तिवारी, अमित महाला सहित अनेक समिति सदस्य शामिल रहे समिति की बैठक का समापन राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

### ताप्ती गंगा एक्सप्रेस पर पथराव, महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं में दहशत, रेलवे पुलिस ने जारी किया बयान

जलगांव.(आरएनएस)। पौष पूर्णिमा पर पवित्र स्नान के साथ आज 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ का शुभारंभ हो गया है. देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु महाकुंभ 2025 के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज पहुंच रहे हैं. इस बीच गुजरात से प्रयागराज जा रही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन पर जलगांव स्टेशन के पास पथराव की घटना हुई है. प्रयागराज जा रही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव का मामला सामने आया है. अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात में सूरत के उधना स्टेशन से प्रयागराज होते हुए छपरा जंक्शन जाने वाली ताप्ती गंगा एक्सप्रेस पर महाराष्ट्र के जलगांव में पत्थर फेंके गए. गनीमत रही की इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ. बताया जा रहा है कि ट्रेन में प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की संख्या सबसे ज्यादा है.

### एमपी -बीजेपी नेता, दर्जा प्राप्त मंत्री का बड़ा बयान

## ब्राह्मणों को चार बच्चे पैदा करने पर 1 लाख रुपये इनाम


इंदौर (आरएनएस)। चार संतानें पैदा करने वाले ब्राह्मण समाज के युगलों को एक लाख रुपये देने की घोषणा की गई है। यह घोषणा रविवार को इंदौर में आयोजित सनाढ्य ब्राह्मण सभा के परिचय सम्मेलन में मप्र सरकार के परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया ने की है। मध्य प्रदेश परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजौरिया के एक बयान पर प्रदेश में राजनीति गरमा गई है। इंदौर में सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन में रविवार को राजौरिया ने कहा था- %जिनके चार बच्चे होंगे, उन्हें परशुराम कल्याण बोर्ड की ओर से एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया



जाएगा। चूंकि बोर्ड का गठन मध्य प्रदेश सरकार ने अक्टूबर 2023 में किया था, इसलिए कांग्रेस ने इस पर सरकार को घेरा। इसके बाद सोमवार को भोपाल में मीडिया से बातचीत में राजौरिया ने कहा, बयान मेरा निजी है। यह सरकार का निर्णय नहीं है। ब्राह्मण समाज इस निर्णय को लागू करने में सक्षम है। मैंने यह बयान एक सामाजिक कार्यक्रम में दिया था। सरकार की योजनाएं अलग हैं और ये मेरा सामाजिक प्रयास है। राजोरिया ने यह भी कहा कि 1951 की तुलना में देश में ब्राह्मणों की आबादी आधी रह गई है। बता दें कि इंदौर के कार्यक्रम में विष्णु राजौरिया ने कहा था- गैर-हिंदुओं की आबादी तेजी से बढ़ रही है।

### युवराज के पिता योगराज सिंह, किया खुलासा

### टीम इंडिया के कप्तान कपिल देव को मारने बंदूक लेकर गए थे



नई दिल्ली. (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने एक बार फिर से अपने विवादित बयानों से सुर्खियां बटोरी हैं. योगराज ने हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि उन्होंने एक बार गुस्से में आकर कपिल देव को मारने की धमकी दी थी और बंदूक लेकर उनके घर भी पहुंच गए थे. योगराज ने बताया कि जब कपिल देव ने उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर कर दिया था, तब वे बेहद गुस्से में थे. उन्होंने अपनी पत्नी से कहा था कि वे कपिल देव को सबक सिखाएंगे. इसके बाद उन्होंने अपनी पिस्तौल लेकर कपिल देव के घर पहुंच गए थे.



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी पनागर अजय बहादुर सिंह ने बताया कि नवी मोहम्मद उम्र 26 वर्ष निवासी अमरगढ़ी थाना खैर जिला अलीगढ़ उत्तरप्रदेश वर्तमान पता ग्राम झगरा बेलखाडू ने लिखित शिकायत की कि वह आहान प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड में इंजीनियर है आईएससी कम्पनी के द्वारा हम लोगों को वायपास के ब्रिज के स्ट्रैक्टर बनाने का काम एग्रीमेंट में दिया गया है उक्त साईट में हमारे कम्पनी के द्वारा ब्रिज के स्ट्रक्चर बनवाया जा रहा है जिसके लिये साईड के बाजू में कर्मचारियों के रूकने के लिये एक हटमेण्ट भी बनाया है

**घने कोहरे भयंकर ठंड में शाही स्नान के साथ 434 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकली**

# हरे कृष्णा आश्रम में प्रयागराज कुंभ जैसा उत्साह



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रयागराज कुंभ की तरह नर्मदा मैया एवं बाणगंगा मैया सरस्वती मैया के संगम हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में पोष पूर्णिमा पर शाही स्नान के साथ नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकाली गयी

शाही स्नान एवं 434 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा सुबह नर्मदे हर से अंकित भगवा ध्वज लिए उत्साह के साथ घोड़ा ऊंट दुल दुल घोड़ी संकीर्तन करते हुए नर्मदा भक्त विशेष आकर्षण 5 साल के बच्चे से लेकर 90 साल तक के भक्तों के द्वारा अखाड़े का विशेष प्रदर्शन किया गया बैंड बाजा भी चल रहे थे परिक्रमा के संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सुछम उपस्थिति में पोष पूर्णिमा पर पूज्य महंत स्वामी कालीनंद महाराज महंत स्वामी रामजी शरण महाराज महंत रामेश्वरनंद महाराज राम भारती महाराज महंत राज राजेश्वरानंद महाराज महंत राजेश्वरानंद महाराज राम बाबा के सानिध्य में मां नर्मदा बेनगंगा सरस्वती घाट के संगम पर जाकर शाही स्नान पूजन अर्चन के साथ नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा की गई निशुल्क माघ मास कल उपवास 10वीं वर्ष का शुभारंभ हुआ प्रतिदिन सुबह एवं शाम को भागवत गीता का पाठन होगा सुंदरकांड हनुमान चालीसा नर्मदा मैया की आरती की जाएगी महीने भर विभिन्न संगोष्ठी का आयोजन होगा 2 फरवरी को प्रात: 9:00 बजे सुहागले एवं गोद भराई का कार्यक्रम किन्नर मंगला मुखी समाज के द्वारा किया जाएगा

इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉ शिवशंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल अशोक पटेल भूरे पहलवान दुर्गा पटेल सुरेंद्र गिरी गोस्वामी विनोद दीवान विशाल पंड्या आदि उपस्थित थे 51 कुंटल खिचड़ी का भंडारा मकर संक्रांति पर प्रतिवर्ष अनुसार इस व

## डॉ. शोएब अली खान का निधन




जबलपुर- शरफाबाद आनन्द नगर निवासी अशरफ अली खान , पूर्व पार्षद आजम अली खान और अफजल अली खान के पिता डॉक्टर शोएब अली खान साहब का आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके निज निवास से प्रारम्भ होकर नमाजे जनाजा सुब्बाशाह मस्जिद में अदा उपरांत सुपुर्देखाक मंडी कब्रिस्तान में किया गया। शवयात्रा मे राजनैतिक, सामाजिक व अधिकारी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ संपादक महेश महदेले नहीं रहे

**मेडिकल छात्रों की शिक्षा के लिये सौंपी देह**





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के वरिष्ठतम कार्यरत पत्रकार महेश महदेले का सोमवार को निधन हो गया। मृत्यु पूर्व उनकी इच्छा के अनुरू प पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा के लिये सौंपा गया। श्री महदेले ने जबलपुर के हितवाद/ज्ञानयुग प्रभात से अपने पत्रकारिता कैरियर की शुरुआत की थी। यह भी संभव है कि उससे पूर्व भी वे पत्रकारिता में आ चुके हों। उस समय के उनके हितवाद, ज्ञानयुग प्रभात के समकालीन साथी बताया करते थे कि महेश महदेले तब चीफ सब एडीटर थे। वे स्वतंत्र मत में कार्यरत सबसे वयोवृद्ध संपादक थे। उनकी विलक्षण संपादकीय दृष्टि थी। उनके निधन पर स्वतंत्र मत परिवार सहित शहर के पत्रकारों, छायाकारों ने शोक संवेदना प्रकट की है। देहदान के दौरान डॉ. एलएन अग्रवाल, स्वतंत्र मत के संपादक राजेन्द्र मिश्रा, वरिष्ठ छायाकार अनिल तिवारी, विवेक यादव, राहुल पांडे, स्वप्निल पटेल, गजराज महदेले, सम्राट महदेले मौजूद थे।

## महाकुंभ मेला हेतु बीना-प्रयागराज छिवकी-बीना अनारक्षित विशेष ट्रेन 21 ट्रिप चलेगी

**पमरे के बीना स्टेशन से होगी प्रारंभ**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की मांग और आस्था को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 01817/01818 खजुराहो-प्रयागराज छिवकी महाकुंभ मेला स्पेशल अनारक्षित गाड़ी को बीना स्टेशन तक विस्तारित किया गया है। गाड़ी संख्या 01817 बीना-प्रयागराज छिवकी महाकुंभ मेला अनारक्षित विशेष ट्रेन 13 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक, 28 जनवरी 2025 से 5 फरवरी 2025 तक, 11 फरवरी 2025 से 14 फरवरी 2025 तक, और 25 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक संचालित होगी। बीना स्टेशन से यह गाड़ी 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 02:50 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01818 प्रयागराज छिवकी-बीना महाकुंभ मेला अनारक्षित विशेष ट्रेन प्रयागराज छिवकी स्टेशन से 14 जनवरी 2025 से 17 जनवरी 2025 तक, 29 जनवरी 2025 से 6 फरवरी 2025 तक, 12 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक, और 26 फरवरी 2025 से 1 मार्च 2025 तक संचालित होगी। प्रयागराज छिवकी से यह गाड़ी 3:45 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए बीना स्टेशन पर 17.30 बजे पहुंचेगी।

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में ललितपुर, टीकमगढ़, खरगापुर, महाराजा छत्रसाल स्टेशन (छतरपुर), खजुराहो, सिंहपुर डुमरा, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट, मानिकपुर जंक्शन और शंकरगढ़ स्टेशनों पर रुकेगी। इस विशेष ट्रेन में 18 सामान्य श्रेणी के डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवाओं हृझश्वस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा प्रारंभ करें। अधिक जानकारी के लिए रेलवे की अधिकृत वेबसाइट पर जाएं या हृझश्वस ऐप डाउनलोड करें।

# भारतीय किसान संघ ने कृषि मंत्री की मुलाकात



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में मुलाकात की। किसान व कृषि के विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा की जानकारी देते हुए भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि भारतीय किसान संघ ने केंद्रीय कृषि मंत्री के समक्ष प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में पर्याप्त बढोत्तरी करने व नये किसानों के नाम किसान सम्मान निधि में जोडने की बात रखी। जिस पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही प्रतिनिधि मंडल में शामिल महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल व प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी ने फसल बीमा में सुधार करने, नकली खाद व बीज बेचने वालों पर कड़ी सजा का प्रावधान करने की मांग रखी। श्रीअन्न (मिलेट्स) की खरीदी न होने से जनजातीय क्षेत्रों के किसानों की समस्या से अवगत कराया। इसके साथ ही श्रीअन्न की खरीदी सुनिश्चित करने और जबलपुर में आयोजित हुई मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्रथम कैबिनेट बैठक में श्रीअन्न उत्पादक किसानों को 10 रुपए प्रति किलो प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा को पूरा करने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल मध्यप्रदेश के तीनों प्रांतों के किसान संघ पदाधिकारियों ने बासमती धान खरीदी, सोयाबीन खरीदी व अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की समीक्षा करने और किसानों की विभिन्न समस्याओं को रखते हुए उनके निराकरण की मांग की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष रामभरोस वसोतिया, मध्यक्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर, प्रदेश मंत्री दिनेश पाटीदार, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी, प्रदेश मंत्री योगेंद्र भामू, प्रदेश मंत्री व प्रदेश जैविक प्रमुख जगराम सिंह यादव, मालवा प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल, प्रांत महामंत्री रमेश दांगी, मालवा प्रांत संगठन मंत्री अतुल माहेश्वरी, महाकौशल प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह, संगठन मंत्री भरत सिंह पटेल, मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, प्रांत महामंत्री शिवनंदन रघुवंशी, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष नवनीत रघुवंशी एवं भोपाल महानगर अध्यक्ष डाक्टर अश्विन जी की उपस्थित उल्लेखनीय रही।



# विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की हुई प्रांतीय

**वार्षिक आमसभा- हुए अनेक निर्णय - मंहगाई भत्ता, मंहगाई राहत की विसंगतियां दूर करने होंगे समुचित प्रयास**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन जबलपुर की प्रांतीय वार्षिक आम सभा रामपुर परिसर स्थित ज्योति क्लब में संपन्न हुई जिसमें बाहर से आएं हुए प्रतिनिधियों के साथ जबलपुर में निवासरत सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आमसभा बैठक विशेष रूप से पूर्व अध्यक्ष वी के अग्रवाल के मागदर्शन में, एसोसिएशन अध्यक्ष के के अग्रवाल की अध्यक्षता में एवं उपाध्यक्ष राकेश पाठक उपस्थित में हुई। बैठक में सिवनी से श्री घनश्याम खंडेलवाल, भोपाल से श्री एस के दुबे, बालाघाट से श्री आई डी पटले, मंडला से श्री के एस नामदेव एवं श्री सत्यव्रत शुक्ला, सचिव विनोद विरथरे, शैलेन्द्र महाजन, सहसचिव के के गुप्ता एवं प्रदेश के विभिन्न शहरों , विधुत ग्रहों से सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

बैठक में श्री घनश्याम खंडेलवाल ,श्री आई डी पटले , श्री के एस नामदेव, श्री एस के दुबे, श्री आर एस परिहार, श्री आनंद तिवारी, श्री के के गुप्ता, श्री एस के कस्तवार, श्री शैलेंद्र महाजन ,श्री आई के अग्रवाल, श्री वी के अग्रवाल ,श्री राकेश पाठक, श्री सत्यव्रत शुक्ला, श्री के सी बड़कुल एवं अन्य वक्ताओं ने विस्तृत रूप से अपने विस्तृत विचार और सुझाव रखे । आमसभा में निर्णय लिया गया है कि एसोसिएशन पेंशनर्स हितों के रक्षा के लिए इस 40 वर्ष पूर्व बनाए गए एसोसिएशन को मजबूत और सक्रिय बनाए । आमसभा में यह भी स्पष्ट किया गया कि वर्ष 2023 में निर्वाचित की गई कार्यकारिणी का चुनाव( जिसमें अध्यक्ष श्री के के अग्रवाल एवं सचिव श्री विनोद विरथरे एवं अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ था) संविधान के प्रावधानों के अनुसार किया गया था एवं वर्तमान में भी वही संविधान लागू है अत: 2023 में निर्वाचित की गई कार्यकारिणी ही संविधान के प्रावधानों के अनुरूप है। आमसभा में निर्णय लिया गया है कि इसके अलावा अन्य कोई भी संविधान के अनुसार वैधानिक नहीं। गहन विचार विमर्श के उपरांत वार्षिक आम सभा में निम्न निर्णय पारित किए गए वर्तमान संविधान में आवश्यक संशोधन के अध्ययन एवं अनुशंसा हेतु समिति का गठन किया गया । उक्त समिति के अध्यक्ष श्री वी के अग्रवाल एवं सदस्य श्री आनंद तिवारी, श्री सुरेश दुबे भोपाल, एवं श्री आई डी पटले बालाघाट रहेंगे । उक्त समिति तीन माह की अवधि में संविधान संशोधन के संबंध में अपनी अनुशंसा प्रदान करेगी। ? महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत में व्याप्त विसंगति को दूर करने हेतु विधि सम्मत कार्यवाही की जावे।

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर निवासरत सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की समस्याओं के जबलपुर स्थित विभिन्न कार्यालयों में निराकरण में हो रहीं कठिनाइयों के दृष्टिगत समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु पूर्वक्षेत्र के लिए श्री आर एस परिहार एवं मध्य क्षेत्र के लिए श्री एस के दुबे भोपाल को अधिकृत किया गया। पश्चिम क्षेत्र में भी शीघ्र नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश में जितनी भी कार्यकारिणी एवं पदों पर अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी जबलपुर द्वारा नियुक्ति नहीं की गई है ,वे संविधान प्रावधानों के अनुसार नहीं है अत: सभी ऐसी सभी कार्यकारिणी एवं पद शून्य घोषित किए जाते हैं। प्रदेश में विभिन्न शाखाएं कार्यकारिणी से अनुमोदन के उपरांत संगठन की कार्यवाहियां संपादित करें। श्री आई के अग्रवाल को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया।

संगठन की विभिन्न गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी सदस्यों को सहयोग करने कहा गया।

आमसभा बैठक का संचालन सचिव विनोद विरथरे और सदस्य शैलेंद्र महाजन ने आभार व्यक्त किया।

**नर्मदा तट पर शिवभक्ति अनंत फलदायक**

# शिव महापुराण में धूमधाम से हुआ शिव विवाह



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नर्मदा तट त्रिशूल भेद में आयोजित शिवमहापुराण कथा एवं महामृत्युंजय जप यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास डॉ. सत्येन्द्र स्वरूप शास्त्री ने भगवान शिव पार्वती विवाह प्रसंग का बड़ा ही मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव-पार्वती का विवाह इस जगत के कल्याण के लिए हुआ। इस अवसर पर भगवान की सजीव झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि भगवान महादेव भक्तों को अभय प्रदान करते हैं। भगवान शिव का प्रतिदिन जलाभिषेक करने वाले भक्तों के सभी संकट दूर होते हैं। भगवान क्षणिक भक्ति से अपने भक्तों पर कृपा करते हैं इसलिए इन्हें भोलेनाथ कहा जाता है। भगवान भोलेनाथ इस जगत के पालनहार है। डॉ. शास्त्री ने कहा जीव को सदैव सकारात्मक होना चाहिए। भक्ति निष्काम होना चाहिए। परमात्मा को निष्काम भक्ति प्रिय है। भगवान की कृपा से जीवन में होने वाले अशुभ प्रसंग शुभ में परिवर्तित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदा तट पर शिव भक्ति अनंत फलदायक है। नर्मदा का प्रत्येक कंकड़ भगवान शंकर है।कथा में नगर पंडित सभा के पदाधिकारी भी पहुंचे। आचार्य वासुदेव शास्त्री के सानिध्य में मंत्रोच्चार किया गया। सभी आचार्यों का मां परमज्योति भक्त मंडल ने सम्मान किया।

## श्री राधा कृष्ण व विश्वकर्मा भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**होंगे विविध धार्मिक आयोजन**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री राधा कृष्ण एवं विश्वकर्मा भगवान मंदिर ट्रस्ट के द्वारा 13 जनवरी को जीबीएम कॉलोनी, जेडीए स्कीम नम्बर 41 विजय नगर में नव निर्मित भवन का उद्घाटन व मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन को लेकर मंदिर ट्रस्ट के द्वारा तैयारियां की जा रही है। जिसमें श्री राधा कृष्ण व भगवान श्री विश्वकर्मा की की मूर्ति का 10 जनवरी को जलाधिवास व पुष्पाधिवास, 11 जनवरी को मूर्तियों का अन्नाधिवास व फलाधिवास, 12 जनवरी को भागवान की प्रतिमाओं को बैण्ड, बाजे व शहनाई के साथ प्राण प्रतिष्ठा स्थल तक पहुंचाया जाएगा और 13 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के साथ भव्य आयोजन और भण्डारा व आदि धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। यह आयोजन प्रात: 8 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे होंगे। जिसमें उपस्थिति की अपील श्री राधा कृष्ण एवं विश्वकर्मा भगवान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सी एल विश्वकर्मा, सचिव छन्नू लाल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, निरंजन विश्वकर्मा, मधुसूदन विश्वकर्मा, ऋषि विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा आदि ने की है।

**स्वामी विवेकानंद जयंती एवं गहोई दिवस के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज**

जबलपुर। समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती एवं गहोई दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन कल मंगलवार 14 जनवरी को दोपहर 3:00 बजे से होम साइंस कॉलेज राइट टाउन में किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 339 दिनांक 13.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री राम किशोर गुप्ता, पिता- स्व. श्री ठाकुर प्रसाद गुप्ता** ने मकान नं. बी-6 , सम्पत्ति पिन नं. 1000606917, **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 609 व.फु., प्रथमतल 755 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक - 2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 338 दिनांक 13.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री स्वदेश कुमार जैन, पिता- स्व. श्री रमेश चन्द्र जैन** ने मकान नं. 719/1 , सम्पत्ति पिन नं. 1000619244, **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** क्षेत्रफल 1245 व.फु., भूतल 1060 व.फु., प्रथमतल 1060 व.फु., द्वितीयतल 400 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 337 दिनांक 13.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री रत्नेश कुमार मिश्रा, पिता- स्व. श्री अशोक कुमार मिश्रा** ने मकान नं. 1803/1 , सम्पत्ति पिन नं. 1000480189, **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड ,** भूतल 530 व.फु., प्रथमतल 226 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/651/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रमेश केवट, पिता- स्व. श्री ब्रदीप्रसाद केवट** ने मकान नं. 932 पिन नं.................. **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 400 व.फु. , प्रथमतल आर.सी.सी. 300 व.फु., , **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, उकरारनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 932 बरऊ मोहल्ला, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/652/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती उषा देवी, पति- स्व. श्री रमेश कुमार जायसवाल** ने मकान नं. 501/2 पिन नं.................. **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल सीमेंट टीन 600 व.फु.,**विक्रय पत्र, चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 501/2 ओमकला मंदिर के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/650/ दिनांक 10.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सोनम रज्जक, पति- श्री आशीष कुमार रजक** ने मकान नं. 1934 पिन नं.1000469259 **वार्ड सेठ आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 400 व.फु. किरायेदारी, आर.सी.सी. 100 व.फु.किरायेदारी, , **शपथपत्र, नोटरी विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1934 ताड़ीखाना के पीछे पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**



भोपाल -उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि समय पर जाँच हो जाए तो रोग का इलाज आसान हो जाता है। निरोगी काया ही सबसे बड़ा सुख है। विगत दिनों कैंसर सहित अन्य असाध्य बीमारियों की जाँच के लिए रीवा में शिविर लगाए गए थे, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए और लोगों को इलाज मिला। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में एलोपैथी, आयुर्वेद व होम्योपैथी की विधाओं से उपचार देकर लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा के कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों व विद्यार्थियों

# गरीब, किसान, युवा और महिला कल्याण के लिये मिशन मोड पर हो रहा है काम- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार समाज के हर वर्ग के हित के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में महिला, युवा, गरीब और किसानों के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। आज से 125 वर्ष पहले जब हमारा भारत गुलाम था और निराशा में डूबा हुआ था, तब स्वामी विवेकानंद ने उस निराशा को दूर करते हुए सब में उत्साह भरा और कहा था कि 21वीं शताब्दी भारत एवं सनातन संस्कृति की होगी। उनका यह कथन आज प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सत्य सिद्ध हो रहा है। आज विश्व में भारत का दौर चल रहा है। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर हम सभी संकल्प लें कि भारत के साथ मध्य प्रदेश के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। सबके साथ से देश की तरक्की और सब का विकास होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को शाजापुर जिले की तहसील कालापीपल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। साथ ही 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खातों में 335 करोड़ रुपये और 26 लाख बहनों को सिलेण्डर रीफिलिंग के लिये दी जाने वाली राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 10 करोड़ 11 लाख राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये गये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र के विकास के लिए भी अनेक घोषणाएँ की। उन्होंने कालापीपल तहसील को राजस्व अनुभाग बनाने तथा पोलायकलां उप मंडी को मुख्य मंडी बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कालापीपल में 15 ग्रामीण सड़कों के निर्माण और 11 गाँव के नाम बदलने की घोषणा की। ग्राम निपानिया हिस्सामुद्दीन को निपानिया देव, ढाबला हुसैनपुर को ढाबला राम, मोहम्मदपुर पवाड़िया को रामपुर पवाड़िया, खजूरी अलाहदाद को खजूरी राम, हाजीपुर को हीरापुर, मोहम्मदपुर मछनाई को मोहनपुर, रीछड़ी मुरादाबाद को रीछड़ी, खलीलपुर (ग्राम पंचायत सिलोंदा) को रामपुर, ऊँचोद को ऊँचावद, घट्टी मुख्त्यारपुर को घट्टी और शेखपुर बोंगी को अवधपुरी नाम देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर प्रदेश में युवाओं के कल्याण के लिए युवा शक्ति मिशन योजना प्रारंभ की गई है। हमारा संकल्प है जब तक युवा को काम नहीं तब तक हमें आराम नहीं। हम युवाओं को सम्मानपूर्वक रोजगार देने के साथ ही स्वावलंबी और सामर्थ्यशाली बनाना चाहते हैं। प्रदेश में 2 लाख 70 हजार सरकारी पदों पर भरती की जाएगी। इसके साथ ही निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में रोजगार सृजन हो रहा है। प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, महानगरों में रोड-शो, खनन कॉन्क्लेव ओर यूके-जर्मन के माध्यम से चार लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आगामी 16 तारीख को शहडोल में रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। निरंतर बिजली और हर खेत को पानी मिलने से किसान वर्ष भर फसल ले सकेंगे। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि किसानों को रात में सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी, उन्हें दिन में ही 8 से 10 घंटे सिंचाई के लिए बिजली मिलेगी। उन्होंने घोषणा की कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से जिले के 155 गांव को भी योजना से जोड़ा जायेगा। प्रदेश में अगले 5 वर्षों में सिंचाई के रकबे को एक करोड़ हैक्टेयर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है। हमारी सनातन संस्कृति में महिलाओं का सम्मान सर्वोच्च है। प्रदेश में लाड़ली बहना योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ महिलाओं को निरंतर मिलता रहेगा। लाड़ली बहनों को हर माह राशि मिलेगी, वर्ष में एक बार नहीं हर माह रक्षाबंधन मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम निरंतर गरीब कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2003-4 में जहां मध्य प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 7500 रुपए वार्षिक थी, आज बढ़कर 1 लाख 40 हजार रुपए हो गई है। हर व्यक्ति को 24 घंटे बिजली मिल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर गरीब को पक्का मकान दिलाने का संकल्प लिया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हर घर में गैस कनेक्शन दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुशासन हमारा लक्ष्य है। पहले अपने कामों के लिए पटवारी को ढूंढना पड़ता था लेकिन अब नामांतरण, बटवारा जैसे कार्य आसानी से हो जाते हैं। साइबर तहसील योजना के माध्यम से रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण अपने आप हो जाता है। अब विद्यार्थियों को मार्कशीट और टीसी आदि के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ते, डिजिलॉकर के माध्यम से यह दस्तावेज मोबाइल पर ही प्राप्त हो जाते हैं। उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प के अनुरूप ज्ञ्ह्ह (गरीब, युवा, किसान और महिला) पर ध्यान के विज़न पर अमल करने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महाअभियान चल रहा है। मध्यप्रदेश इसमें अग्रणी है। क्षेत्रीय विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी ने क्षेत्र के विकास के लिये अनेक प्रस्ताव रखे। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधि, अधिकारी, बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें, किसान बंधु और आमजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कालापीपल पहुँचने पर नगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

## मंत्री सुश्री भूरिया ने उदयपुर में देश के कई राज्यों के महिला-बाल विकास मंत्रियों के सामने दिया प्रजेंटेशन



भोपाल (आरएनएस) राजस्थान के उदयपुर में केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में म.प्र. के झाबुआ का %मोटी आई% मॉडल छा गया। शिविर के दूसरे दिन महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने देश भर के महिला बाल विकास मंत्रियों के सामने आदिवासी अंचल में किए जा रहे इस नवाचार का जिक्र किया। उन्होंने इस मॉडल के सूत्रधार झाबुआ जिला प्रशासन की प्रशंसा की। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि मैं आदिवासी अंचल झाबुआ से आती हूं, जहां बच्चों में कुपोषण के बहुत सारे स्थानीय कारण मौजूद हैं। वैसे तो सम्पूर्ण म.प्र. में कुपोषण निवारण के लिए मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम प्रभावी ढंग से चलाया जा रहा है, किंतु जनजातीय बाहुल्य इलाकों की विशेष आवश्यकताओं को देखते हुए झाबुआ जिले में मोटी आई जैसा नवाचार किया गया है। इस नवाचार को स्थानीय कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा के द्वारा महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य व आयुष विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया की मोटी आई जिसे बड़ी मां भी कहा जाता है उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया गया। मोटी आई के द्वारा कुपोषित बच्चों की आयुर्वेद के अनुसार तेल से नियमित मालिश की जा रही है साथ ही स्थानीय सहयोग से बच्चों को विशिष्ट पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। %मोटी आई% उन बच्चों के लिए वरदान बन गई है जिनके माता-पिता पलायन कर बच्चों को घर के बुजुर्ग के पास छोड़ गए हैं। इस नवाचार की बदौलत आज बिना किसी बजट के झाबुआ जिले में 1950 गंभीर कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर को सामान्य बनाने के लिए किए जा रहे एकजुट प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अब तक करीब 600 बच्चे गंभीर कुपोषण से उबरकर सामान्य पोषण की श्रेणी में आ गए हैं। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि जल्द ही झाबुआ जिले को पूरी तरह कुपोषण मुक्त बनाकर देश के सामने मॉडल के रूप में प्रस्तुत करेंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, राजस्थान की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीयाकुमारी सहित विभिन्न राज्यों से आए महिला बाल विकास मंत्री मौजूद थे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में हम लगातार कई वर्षों से देश में पहला स्थान बनाए हुए हैं। इसके लिए सतत रूप से अभियान के पर्यवेक्षण और फॉलो-अप को सुदृढ़ किया गया है। म.प्र. में पहली बार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियमित एवं पारदर्शितापूर्ण प्रणाली से नियुक्ति के लिए ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया। इसी पोर्टल के माध्यम से प्रदेश में 12,670 मिनी आंगनवाड़ी से उन्नयन होकर बनी आंगनवाड़ी केंद्रों में सहायिकाओं की पदपूर्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्र के नियमित एवं समय से संचालन के लिए 20 मीटर की जियोफेंसिंग आधारित ऑनलाइन उपस्थिति प्रक्रिया को प्रारंभ किया गया है। केंद्र स्तर पर प्रतिदिन बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ते और ताजा भोजन दिए जाने के समय और लाभान्वितों की संख्या की जानकारी के लिए लाइव ग्रुप फोटो से हेड काउंट आधारित मॉड्यूल लागू किया गया है। प्रधानमंत्री जन-मन अंतर्गत आदिवासी समुदाय के स्थानीय परिवेश के अनुसार विशिष्ट आंगनवाड़ी भवन को डिजाइन किया गया। जिसकी भारत सरकार द्वारा भी सराहना की गई है। सरकार ने आंगनवाड़ी भवन निर्माण के प्रत्येक स्तर की निगरानी के लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग मॉड्यूल प्रारंभ किया है। प्रदेश में कुपोषण के स्तर को सुधारने के लिए जिला पोषण समिति की नियमित एवं प्रभावी बैठकों के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन जिला पोषण समिति डैशबोर्ड तैयार किया गया है।

यह पोषण ट्रैकर एवं संपर्क ऐप से प्राप्त मासिक जानकारियों के आधार पर बना है। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने म.प्र. की ओर से दो सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि पूर्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की प्रशिक्षण की एक सुनिश्चित व्यवस्था संचालित थी, जिसमें व्यवस्थित रूप से प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से नवीन नियुक्त कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का नियमित मूलभूत प्रशिक्षण तथा शेष को रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया जाता था।

**दिव्यांगजनों की शक्तियों से साक्षात्कार का अद्भुत आयोजन ब्लाइंड कार रैली**

## दिव्य शक्तियां पहुंचाएंगी मंज़िल तक-राज्यपाल श्री पटेल



भोपाल-(आरएनएस)राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि ब्लाइंड चैलेंज कार रैली का आयोजन अद्भुत प्रसंग है। कार रैली में दिव्यांग नेवीगेटर, अपनी दिव्य शक्तियों से वाहन चालक को रास्ता बताकर मंज़िल तक पहुंचाएंगे। दिव्यांगजनों की शक्तियों से समाज का साक्षात्कार कराएंगे। राज्यपाल श्री पटेल आरुषि संस्था की 20 वीं ब्लाइंड चैलेंज कार रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शुभारंभ कार्यक्रम में भारत माता की जय और वंदे मातरम के जय घोष से रैली में ऊर्जा का संचार करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने डी.बी. मॉल परिसर में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए आरुषि संस्था के प्रयास सराहनीय है। राज्यपाल श्री पटेल का संस्था की बालिका सुश्री स्तुति दोशी ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के डायरेक्टर डॉ. अमिताभ पाण्डे ने शॉल और स्मृति चिन्ह् भेंट कर अभिनन्दन किया। बालिका सुश्री स्नेहा ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में आरूषि संस्था के डायरेक्टर श्री अनिल मुदगल, उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री दिलीप सूर्यवंशी, कार रैली के दिव्यांग नेविगेटर, वाहन चालक, अन्य प्रतिभागी और उनके परिजन उपस्थितथे।

**प्रयागराज महाकुम्भ में 'एकात्म धाम' शिविर का हुआ शुभारंभ**

## वेदांत किसी और को नहीं स्वयं को जानने की यात्रा- आनंदमूर्ति गुरु माँ



भोपाल-(आरएनएस) प्रयागराज महाकुम्भ में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण एवं सार्वभौमिक एकात्मता की संकल्पना के उद्देश्य से 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलने वाले एकात्म धाम शिविर का शुभारंभ रविवार को ऋषि चैतन्य आश्रम की प्रमुख आनंदमूर्ति गुरू माँ ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया, उन्होंने पहले दिन आचार्य शंकर विरचित 'दृग-दृश्य विवेक' पर प्रवचन दिए, इस अवसर पर साधु संतो सहित देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। उन्होंने 'दृगदृश्यविवेक' पर वक्तव्य देते हुए कहा कि वेदांत किसी और को नहीं स्वयं को जानने की यात्रा है, इसी देह में रहते हुए आत्मबोध हो जाना सबसे अद्भुत चमत्कार है। दृष्टा और दृश्य के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि मन इन्द्रियों के माध्यम से जानता है, और जो मन के जानने को जान रहा है वही सच्चिदानंद स्वरूप दृष्टा है। चेतन का स्वरुप ही ज्ञान है। स्वयं को मन, बुद्धि मानना अज्ञान है, अज्ञान बोध के कारण ही मनुष्य भ्रम में जीता है, जबकि वह सच्चिदानंद स्वरुप है। उन्होंने कहा कि आचार्य शंकर ने सभी को एकता के सूत्र में जोड़ा, आज महाकुम्भ का यह स्वरूप आचार्य शंकर की देशना का ही परिणाम है। मप्र शासन के एकात्म धाम प्रकल्प की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल अद्भुत और अभूतपूर्व है।

**बिजली बिल अब डिजि लॉकर के माध्यम से उपलब्ध**

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम तथा चंबल संभाग के 16 जिलों में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली बिल अब डिजिलॉकर के माध्यम से भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गौरतलब है कि डिजि लॉकर ''डिजिटल इंडिया'' के तहत भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है। डिजि लॉकर उपभोक्ताओं को सार्वजनिक क्लॉउड पर सुरक्षित दस्तावेज़ एक्सेस प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करता है। ये डिजिटल दस्तावेज़ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत कानूनी रूप से मान्य दस्तावेज़ हैं।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा तथा एलिवेटेड रोड का किया निरीक्षण



भोपाल-(आरएनएस) ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार की सुबह सिविल अस्पताल हजीरा तथा एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिविल अस्पताल हजीरा निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के साथ अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रशांत नायक, आईसीयू प्रभारी डॉ. वीरपाल यादव, डॉ. आलोक यादव मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सिविल अस्पताल हजीरा पहुंचे। यहां उन्होंने गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), शिशु वार्ड, महिला वार्ड में भर्ती मरीज बृजेन्द्र सिंह गुर्जर से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, भोजन और नाश्ते की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि ठंड के मौसम में किसी मरीज को कोई असुविधा न हो। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अस्पताल के रसोई घर का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने निरीक्षण के दौरान सिविल अस्पताल हजीरा के रसोई घर में भी मरीजों को दिए जाने बाले दलिया,चाय, नाश्ता का भी जायजा लिया और निर्देश दिए कि रसोई घर में किसी भी सामग्री की कमी न हो । श्री तोमर ने कहा कि हर मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलें और अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों।

इस दौरान उन्होंने हर रविवार को हजीरा सिविल अस्पताल को अपनी नि॰ शुल्क सेवाएं देने वाले मैक्स अस्पताल दिल्ली हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवीन भामरी से मुलाकात कर कृतज्ञता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि मैक्स अस्पताल दिल्ली से आकर डॉक्टर नवीन भामरी द्वारा हर रविवार को हजीरा सिविल अस्पताल में हृदय रोगियों के उपचार किया जाता है। उन्होंने लगभग दो दर्जन हृदय रोगियों की ईको, ईसीजी सहित अन्य जांचें नि॰ शुल्क की तथा आवश्यक उपचार सलाह दी।

## प्राचीन काल से हमें सिखाया गया जल संरक्षण का महत्व-राज्य मंत्री पटेल



भोपाल (आरएनएस) लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा है कि प्राचीन काल से हमें जल संरक्षण का कार्य सिखाया गया है। ऋषि-मुनियों ने शोध कर हमें बताया कि जल शरीर के लिए कितना आवश्यक है। हमारा शरीर पंचतत्व से बना है, इन पांच तत्वों में जल भी शामिल हैं, ऐसे में जल संरक्षण करना हमारा दायित्व है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि पूरी दुनिया हमारा परिवार है और हम जल को लेकर वैज्ञानिक तरीके से रिसर्च कर उसके संरक्षण का काम कर रहे हैं। श्री पटेल ने कहा कि मैं भी सिविल इंजीनियर हूँ, मैंने जल संरचना के निर्माण को लेकर ग्राउंड जीरो पर काम किया है। जहां भी काम किया, वहां लोगों ने पानी का मूल्य समझा और पूरा समर्थन दिया। हमारे देश में नदियों को माँ का दर्जा दिया गया है और माँ को हम दूषित और मैला नहीं कर सकते, इसलिए हम इनके संरक्षण के लिए काम करें और बेहतर तरीके से जल का सदुपयोग करें। प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है ऐसे में हमारा दायित्व है कि प्रकृति को भी हम जल संरक्षण कर प्राणी मात्र के जीवन में योगदान दें।

राज्य मंत्री श्री पटेल कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित जल और पर्यावरण पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन अमेरिकन सोसाइटी ऑफ सिविल इंजीनियर्स के पर्यावरण एवं जल संसाधन संस्थान और मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग एवं अंत्योदय प्रबोधन संस्थान के सहयोग से किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय जलवायु परिवर्तन के अनुकूल सतत और मजबूत जल बुनियादी ढांचे का निर्माण था।

सम्मेलन में विश्व संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, भारत सहित विश्व के अन्य देशों के विशेषज्ञ शामिल हुए। जल संबंधी समस्याओं के समाधान पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श में 30 से अधिक देशों के प्रतिभागियों ने 125 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए, जो आम लोगों के लिए भी उपलब्ध कराए गये।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि प्रकृति का नियम है कि पानी ऊपर से नीचे आता है, इस नियम को ध्यान में रखते हुए इंजीनियर सिंचाई के तरीके खोजें। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी की सहभागिता के बिना किसी प्रोजेक्ट को पूरा नहीं किया जा सकता, ऐसे में जो प्रोजेक्ट आप तैयार कर रहे हैं, उसमें लोगों की सहभागिता जरूर शामिल करेंगे, इससे दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। श्री जैन ने अपने मंदसौर कलेक्टर के कार्यकाल का उदाहरण देते हुए बताया कि साल 1999 में एक स्टॉप डेम हमें बनाना था, जिसकी लागत 15 लाख रुपए थी, लेकिन पंचायत के पास महज ढाई लाख रुपए थे। ऐसे में जनसहयोग से हमने 6 महीने में पूरा होने वाला काम केवल 30 दिन में पूरा कर दिया।

**स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लें युवा- मंत्री विश्वास कैलाश सारंग**

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर मंत्री सारंग ने किया नमन



भोपाल-सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। नरेला विधानसभा क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद विचार वीथिका पार्क और वार्ड 58, गौतम नगर खेल मैदान में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर मंत्री श्री सारंग ने उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर उन्होंने युवाओं राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए युवाओं से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। मंत्री श्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और कार्यों से न केवल भारत को नई दिशा दी, बल्कि पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति और युवा शक्ति का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के विचार सदैव प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि आत्मविश्वास, धैर्य और कड़ी मेहनत से हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सारंग ने युवाओं को शिक्षा, खेल और समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा, समाजसेवी, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी विवेकानंद के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## विपक्ष की यह आलोचना जायज है

इतने बड़े स्तर पर गहराते जा रहे शक को कौन दूर करेगा? आयोग ने भी कभी आत्म-निरीक्षण करने की जरूरत महसूस नहीं की है। क्या उसके आचरण भी संदेह का कारण हैं? इन प्रश्नों पर उसे गंभीरता से सोचने की जरूरत है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन की चुनाव गड़बड़ी संबंधी शिकायतों को सिरे से खारिज कर दिया है। आयोग का यह जवाब अपेक्षित ही था। आयोग के मुताबिक उसे राज्य के 36 जिला अधिकारियों से रिपोर्ट मिल चुकी हैं। इनके मुताबिक सभी 288 सीटों पर ईवीएम वोटों और वीवीपैट में दर्ज मतों का मिलान करने पर उनमें कोई विसंगति नहीं मिली। आयोग की बातें सच हैं या नहीं, यहां असल मुद्दा यह नहीं है। विपक्ष की यह आलोचना जायज है कि ईवीएम में गड़बड़ी या चुनाव प्रक्रिया के दूषित होने का सवाल वह तभी उठाता है, जब उसकी हार हो जाती है। जहां विपक्षी दल जीत जाते हैं, वहां वे नतीजे को बिना किसी एतराज के गले लगा लेते हैं। साथ ही संगठन, चुनाव अभियान, एवं मतदाताओं का भरोसा जीतने में रह गई अपनी कमियों का कभी ठोस आकलन वे नहीं करते। इसके बावजूद मसला यह है कि भारत की चुनाव प्रक्रिया को लेकर संबंधित हितधारकों के एक बड़े हिस्से में संदेह पैदा हो चुका है। इन हितधारकों में विपक्ष भी है, सिविल सोसायटी, और आम जन का एक बड़ा हिस्सा भी। यह किसी रूप में भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। मुद्दा है कि इतने बड़े तबके के बीच में गहराते जा रहे शक को कौन दूर करेगा? क्या इसकी प्राथमिक जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की नहीं है? मुश्किल यह है कि आयोग ने भी कभी आत्म-निरीक्षण करने की जरूरत महसूस नहीं की।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों को देनी होगी राहत

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मध्यमवर्गीय परिवारों की प्रमुख भूमिका रहती है। देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार जब मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल होते हैं तो उन्हें नया स्कूटर, नया फ्रिज, नया एयर कंडिशनर, नया टीवी एवं इसी प्रकार के कई नए पदार्थों (उत्पादों) की आवश्यकता महसूस होती है। साथ ही, नए मकानों की मांग भी मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच से ही निर्मित होती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जिस देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ती है उस देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता है। भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिससे कई कम्पनियों का यह आंकलन सामने आया है कि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं की मांग में कमी दृष्टिगोचर हुई है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली कम्पनियों का इस संदर्भ में आंकलन बेहद चौंकाने वाला है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री एवं लाभप्रदता में भी कमी दिखाई दी है।

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है। विभिन्न राज्यों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहिना योजना आदि माध्यम से महिलाओं के खातों में सीधे ही राशि जमा की जा रही है। इसके साथ ही इन परिवारों के सदस्यों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होने लगे हैं। जिससे इस श्रेणी के परिवारों में से कई परिवार अब मध्यमवर्गीय श्रेणी के परिवारों में शामिल हो रहे हैं।

केंद्रीय श्रम मंत्री ने हाल ही में भारतीय संसद को बताया है कि देश में पिछले 10 वर्षों में रोजगार उपलब्ध नागरिकों की संख्या 36 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 64.33 करोड़ के स्तर पर आ गई है, यह संख्या वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ के स्तर पर थी। वर्ष 2024 से वर्ष 2014 के बीच, 10 वर्षों में रोजगार में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी अर्थात इस दौरान केवल 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हो सकीं थी, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के बीच 17.19 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हुई हैं, यह लगभग 6 गुना से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। पिछले केवल एक वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24 के बीच ही देश में लगभग 4.6 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। कृषि क्षेत्र में वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच कृषि के क्षेत्र में रोजगार में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। इसी प्रकार विनिर्माण के क्षेत्र में भी वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में केवल 6 प्रतिशत दर्ज हुई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच विनिर्माण के क्षेत्र में रोजगार में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। सेवा के क्षेत्र में तो और भी अधिक तेज वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच सेवा के क्षेत्र में रोजगार 25 प्रतिशत की दर से बढ़ा था, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस सबका असर बेरोजगारी की दर में कमी के रूप में देखने में आया है। देश में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 6 प्रतिशत से वर्ष 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। इसका सीधा असर कामकाजी आबादी अनुपात पर भी पड़ा है जो वर्ष 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सबसे अच्छी स्थिति तो संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे नागरिकों की संख्या में वृद्धि से बनी है। क्योंकि संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को नियोक्ताओं द्वारा कई प्रकार की अतिरिक्त सुविधाएं केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी नियमों के अंतर्गत प्रदान की जाती है। संगठित क्षेत्र में शामिल होने वाले युवाओं (18 से 28 वर्ष के बीच की आयु के) की संख्या में सितम्बर 2017 से सितम्बर 2024 के बीच 4.7 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई है, ये युवा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से भी जुड़े हैं। यदि किसी देश में मुद्रा स्फीति की दर लगातार लम्बे समय तक उच्च स्तर पर बनी रहे एवं नागरिकों की आय में वृद्धि दर मुद्रा स्फीति में हो रही वृद्धि दर से कम रहे तो इसका सीधा असर मध्यमवर्गीय परिवार के बचत एवं खर्च करने की क्षमता पर पड़ता है। यदि मध्यमवर्गीय परिवार के खर्च करने की क्षमता कम होगी तो निश्चित ही बाजार में विभिन्न उत्पादों की मांग भी कम होगी इससे विभिन्न कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री भी कम होगी। यह स्थिति हाल ही के समय में भारत की अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर है।

## लोगों का प्रति महीने उपभोग खर्च बढ़ा

बढ़े उपभोग खर्च में महंगाई की भी एक भूमिका है। सरकार की ओर से मासिक उपभोग खर्च के बारे में जारी आंकड़ों से आंकना कठिन है कि कितना उपभोग बढ़ा और कितनी वृद्धि उपभोग की चीजों की महंगाई के कारण हुई। मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग सर्वेक्षण (एमपीसीई) रिपोर्ट तो कुछ पहले आई थी, लेकिन अब केंद्र ने इसकी एक तथ्य तालिका जारी की है। इसमें भी वही दिखाने की कोशिश है कि अगस्त 2023 से सितंबर 2024 की अवधि में उसके पहले वाले वर्ष की तुलना में लोगों का प्रति महीने उपभोग खर्च बढ़ा। स्पष्टत- सरकार इसे शहर से गांवों तक में आय और खुशहाली बढने के प्रमाण के रूप में पेश किया है। मगर जो सवाल सर्वे रिपोर्ट जारी होने के समय उठे, उनका कोई जवाब नहीं दिया गया है। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि सबसे ज्यादा खर्च खाद्य पदार्थों पर बढ़ा। जिस अवधि में यह सर्वे हुआ, उसमें खाद्य मुद्रास्फीति की दर ऊंची रही। फिर पुराने सर्वेक्षणों की तुलना में सर्वे विधि में जो परिवर्तन किए गए, उन्हें ध्यान में रखते हुए यह आंकना और मुश्किल हो गया है कि लोगों के उपभोग पैटर्न में सचमुच कितना बदलाव आया। खुद ताजा रिपोर्ट से ही जाहिर हुआ कि टॉप 10 प्रतिशत आबादी के उपभोग में पर्याप्त वृद्धि हुई, जबकि सबसे निचली पांच फीसदी आबादी के वास्तविक खर्च में बढ़ोतरी मद्धम रही। निचली आर्थिक श्रेणी की आबादी में जो वृद्धि दिखती है, उसमें बड़ा योगदान सरकार की तरफ से दिए जा रहे पांच किलो अनाज और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण योजनाओं का है। जाहिर है, इसे कमाई से होने वाली आमदनी की स्थिति में सुधार नहीं कहा जा सकता। एक अन्य तथ्य यह सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में जो उपभोग खर्च बढ़ा, खाद्य के अलावा उसका सबसे बड़ा हिस्सा इलाज, परिवहन, वस्त्र और जूते-चप्पल के हिस्से में गया।

## 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

वर्ष 2015 का पेरिस जलवायु समझौता धरा के तापमान को औद्योगिक चरण के आने के पहले के स्तर से 2030 तक 2 डिग्री सेल्सियस कम करने के लिए हुआ था। चूंकि पृथ्वी की गर्मी बढ़ाते कुल गैसीय उत्सर्जनों में कार्बन डाई ऑक्साइड लगभग 70 प्रतिशत है।

अत- ग्लोबल वार्मिग को 15 डिग्री से ग्रे तक सीमित रखने के लिए 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य भी वैश्विक स्तर पर अपना लिया गया है, परंतु विडंबना है, और कटु यथार्थ भी कि इसे पाने के औजार के रूप में एक ट्रेडिंग गतिविधि को महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।

इसी क्रम में 10-24 नवम्बर के बीच बाकू में कार्बन बाजार पर अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करना बड़ी उपलब्धि माना गया है। कॉप-29 को तो वित्तीय कॉप भी कहा गया था और कार्बन ट्रेडिंग भी वित्तीय गतिविधि ही है। वायुमंडल में मौजूद कार्बन उत्सर्जनों को हटाने और नये कार्बन उत्सर्जनों को न पहुंचने देना प्रोत्साहित हो इसके लिए 2015 में पेरिस समझौते में स्पष्ट कर दिया गया था कि कार्बन को देशों या संस्थाओं के बीच खरीदा-बेचा जा सकता है। इस लेन-देन को कार्बन क्रेडिट के रूप में परिभाषित कर हस्तांतरणीय दस्तावेज बना कर स्थापित किया गया है। यूनाइटेड नेशंस के क्योटो प्रोटोकोल (1997) और फिर 2005 में कार्बन को खरीदने-बेचने या व्यापार की जा सकने योग्य सामग्री पहले ही करार दिया जा चुका था किंतु पेरिस समझौते के अंतर्गत जो एक नया ज्यादा सुदृढ़ कार्बन ट्रेडिंग फ्रेमवर्क बनाए जाने की आवश्यकता थी, वह शुरुआती हस्ताक्षर के बाद कॉप-29 में हो सका।

निस्संदेह इस अधूरे कार्य के रहते भी देशों के भीतर और देशों के बाहर कार्बन ट्रेडिंग हो रही थी किंतु एकरूप मानक न होने तथा पारदर्शिता के अभाव से अनेकों झूठे कार्बन क्रेडिटों का विश्व स्तर पर लेन-देन भी हो रहा था। ऐसे में लाखों और अरबों डॉलर के भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी भी हुई। स्वैच्छिक कार्बन बाजार में सबसे ज्यादा कार्बन क्रेडिट वो हैं जो अवनत वनों के कार्बन अवशोषक के रूप में सुधार, पुर्नस्थापना के लिए दिए जाते हैं। किंतु ये सबसे ज्यादा विवादों में भी रहते हैं। वन स्थितियों की बेसलाइन में छेड़छाड़ से ज्यादा कार्बन ऑफसेट दिखाया जा सकता है। जितना कार्बन हटाने का क्रेडिट लिया था उतना कार्बन डाइअक्साइड तो उससे हटा ही नहीं था।

कॉप-29 के पहले %नेचर' पत्रिका में ऐसी परियोजनाओं का अध्ययन प्रकाशित हुआ था, जिन्होंने करीब एक अरब टन कार्बन डाई ऑक्साइड के समतुल्य का कार्बन क्रेडिट कमाया था। उसमें से 15 प्रतिशत कार्बन ही कम किया था। अब खराब और अच्छे गुणवत्ता में कार्बन क्रेडिटों का वर्गीकरण या पहचान भी की जा रही है। कार्बन ट्रेडिंग में कार्बन क्रेडिटों के लेन-देन का व्यापार होता है। कार्बन क्रेडिट की एक इकाई एक मीट्रिक टन कार्बन डाइआक्साइड या उसके समतुल्य अन्य ग्रीन हाऊस गैसों को वायुमंडल से हटाने या उनको वायुमंडल में पहुंचने से रोकने पर दी जाती है। कार्बन ऑफसेट में कार्बन डाइआक्साइड या ग्रीन हाऊस गैसों को हटाया या पुनचर्क्रित किया जाता है।

## महाकुंभ मेले के पहले दिन तिब्बत, नेपाल भूकंप पीड़ितों के लिए हुई आरती

वहीं महाकुंभ मेले के पहले दिन सोमवार को तिब्बत और नेपाल में आए भूकंप पीड़ितों के लिए आरती की गई है। तिब्बत में 7 जनवरी को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 126 लोग मारे गए थे। इस भूकंप में 100 से अधिक घायल हो गए थे।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले की शुरुआत सोमवार 13 जनवरी से हो चुकी है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के संगम के तट पर भारी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचने लगे है। ये श्रद्धालु प्रयागराज में संगम के तट पर आस्था की डुबकी लगाएंगे।

वहीं महाकुंभ मेले के पहले दिन सोमवार को तिब्बत और नेपाल में आए भूकंप पीड़ितों के लिए आरती की गई है। तिब्बत में 7 जनवरी को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 126 लोग मारे गए थे। इस भूकंप में 100 से अधिक घायल हो गए थे। इस भूकंप के झटके सिर्फ तिब्बत में नहीं बल्कि नेपाल, भूटान और उत्तरी भारत में भी महसूस हुए थे। एएनआई की मानें तो ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने एबीपी न्यूज को बताया कि भूकंप में मारे गए लोगों और घर खोने वाले पीड़ितों के लिए यह प्रार्थना की गई है।

## अखबारों की सुर्खी नहीं बना प्रवासी सम्मेलन

भुवनेश्वर में इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरुआत बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के उदबोधन से हुई। उन्होंने प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से %विकसित भारत% के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

आठ से दस जनवरी तक चला 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन अखबारों की सुखियां भी नही बन सका। उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर में हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन की कामयाबी पर न लेख लिखे गए न संपादकीय। ये सम्मेलन एक रूटिन का कार्यक्रम ही बन कर रह गया। सरकार ये वह भी नही बताया कि देश की विकास याजनाओं में बाधक देश में फैले भ्रष्टाचर को रोकने की उसकी क्या योजनाएं हैं? प्रवासी भारतीयों के भारत के विकास में योगदान के लिए आने वाले प्रोजेक्ट की अनुमति आदि की मानिटरिंग के लिए उच्च स्तर पर इसकी देखरेख करने के लिए क्या करने का इरादा हैं? उच्च स्तर पर ये भी देखा जाए कि प्रोजेक्ट की अनुमति में अनावश्यक विलंब तो नहीं किया जा रहा? रिश्वत की चाहत में उद्योगपति को परेशान तो नहीं किया जा रहा?

इस बार के प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का विषय- 'विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान' जरूर रहा किंतु इसमें न कोई निर्णय हुए न कोई विशेष प्रस्ताव। प्रवासियों को भारत के चुनाव में मत देने का अधिकार है, किंतु न वे वोट बनवाने में रूचि रखते हैं, न वोट डालने में। उनसे वोट बनवाने और देश के विकास के लिए अपनी सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील की जा सकती थी किंतु वह भी नहीं की गई। 2003 से मनाना शुरू हुई प्रवासी सम्मेलन अभी तक एक औपचारिकता ही लगा।

भुवनेश्वर में इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरुआत बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के उदबोधन से हुई। उन्होंने प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से %विकसित भारत% के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। ओडिशा को असीमित अवसरों की भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को प्रवासी भारतीयों से राज्य की विकास यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया। इस प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए सीएम माझी ने कहा, ओडिशा सिर्फ़ अपने गौरवशाली अतीत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं जाना जाता; यह भविष्य के लिए असीम अवसरों की भूमि है। ओडिशा के निवेशक-अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अब भारत में निवेश के लिए सबसे स्वागत योग्य स्थलों में से एक है।

## खरमास में नए कपड़े पहनना शुभ या अशुभ

हिंदू धर्म में खरमास का अधिक महत्व माना जाता है। वहीं इस दौरान शुभ कामों के अलावा अन्य कई कामों को करने की मनाही होती है। खरमास में मांगलिक कार्य, गृह प्रवेश, मुंडन आदि कार्यक्रम नहीं करने चाहिए। अगर आप भी इस बात को लेकर दुविधा में रहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बहुत से लोग इस बात को लेकर दुविधा में रहते हैं कि क्या खरमास में नए कपड़े पहनना चाहिए या नहीं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि खरमास में नए कपड़े पहनना शुभ होता है या अशुभ। बता दें खरमास में खरीददारी करना अशुभ माना जाता है। इस दौरान नए कपड़े खरीदना और पहनना दोनों ही गलत है। वहीं जो लोग खरमास से पहले नए कपड़े खरीद लेते हैं, वह इस अवधि में कपड़ों को पहन लेते हैं या फिर पहनना चाहते हैं, तो यह पूरी तरह से गलत हैं। खरमास में सूर्य नारायण धनु राशि में प्रवेश करते हैं। जिसकी वजह से सूर्य देव की गति धीमी हो जाती है और सूर्य देव की चाल में अंतर आता है। इससे सूर्य ग्रह की दशा और दिशा दोनों में परिवर्तन होता है। बल्कि अन्य कई ग्रह भी कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में इस माह में सप्त ग्रहों का प्रभाव अशुभ रूप धारण कर दिखता है। खरमास में दो पाप ग्रह राहु और केतु प्रबल हो जाते हैं और इनका दुष्प्रभाव भी नजर आने लगता है। इसलिए खरमास में नए वस्त्र पहनना अनुचित और हानिकारक हो सकता है।

## गौमाता सारे संसार की जननी समान

विनीत नारायण

जब से मुसलमान शासक भारत में आए तब से गौवंश की हत्या होनी शुरू हुई। हिन्दू लाख समझाते रहे कि गौमाता सारे संसार की जननी के समान है।

उसके शरीर के हर अंश में लोक कल्याण छिपा है और तो और उसके मूत्र-गोबर तक औषधियुक्त हैं, इसलिए उसकी हत्या नहीं, बल्कि पूजन किया जाना चाहिए पर यवनों पर असर नहीं पड़ा। आज भी मूर्खतावश बहुत से मुसलमान गौवंश की हत्या करते हैं। अक्सर यह दोनों धर्मो के बीच विवाद का विषय रहता है। अंग्रेज जब भारत में आए तो उन्होंने हिन्दुओं का मजाक उड़ाया। वे अपने सीमित ज्ञान के कारण समझने में असमर्थ थे कि हिन्दू गौवंश का इतना सम्मान क्यों करते हैं? आजादी के बाद धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वालों ने भी इस हिन्दू मान्यता पर ध्यान नहीं दिया।

कुछ वर्ष पहले जब सूचना आई कि गौमूत्र का औषधि के रूप में अमेरिका में पेटेंट हो गया है, तो देश में सनसनी पैदा हो गई। योग और आयुर्वेद की तरह पूरी दुनिया जल्द ही गौमाता के महत्त्व को स्वीकारने लगेगी। हमेशा की तरह हम अपनी ही धरोहर को विदेशी पैकेज में कई गुना दामों में खरीदने पर मजबूर होंगे। जिस तरह पेप्सी कंपनी हमारे बाजारों से दो रुपये किलो आलू खरीद कर 250 रुपये किलो के चिप्स बेचती है वैसे ही आने वाले दिनों में गौमूत्र और गोबर सुंदर पैकेजिंग और आकषर्क विज्ञापनों के सहारे सैकड़ों रुपये कीमत पर बिकेगा। शास्त्रीय और वैज्ञानिक आधार पर सिद्ध हो चुका है कि गौमाता के शरीर के हर हिस्से से हम पर कृपा बरसती है।

अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त हृदय विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि हृदय रोगियों के लिए देशी गाय का दूध उपयोगी है। देशी गाय के दूध के कण सूक्ष्म और सुपाच्य होते हैं। मस्तिष्क की सूक्ष्मतम नाडियों में पहुंच कर मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करते हैं। देशी गाय के दूध में केरोटीन (विटामिन-ए) नाम का पीला पदार्थ रहता है, जो नेत्र ज्योति बढ़ाता है। चरक सूत्र स्थान 1/18 के अनुसार, देशी गाय का दूध जीवन शक्ति प्रदान करने वाले द्रव्यों में सर्वश्रेष्ठ है। देशी गाय के दूध में 8 प्रतिशत प्रोटीन, 8 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट और 0.7 प्रतिशत मिनरल (100 आईयू) विटामिन ए और विटामिन बी, सी, डी एवं ई होता है। निघंटु के अनुसार देशी गाय का दूध रसायन, पथ्य, बलवर्धक, हृदय के लिए हितकारी, बुद्धिवर्धक, आयुप्रद, पुंसत्वकारक तथा त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) नाशक है। गौघृत खाने से कोलेस्टरोल नहीं बढ़ता।

रूसी वैज्ञानिक शिरोविच के शोधानुसार देशी गाय के घी में मनुष्य शरीर में पहुंचे रेडियोधर्मी कणों का प्रभाव नष्ट करने की असीम शक्ति है। गौघृत से यज्ञ करने से ऑक्सीजन बनती है। देशी गाय के घी को चावल के साथ मिला कर जलाने से (यज्ञ) ईथीलीन ऑक्साइड, प्रोपीलीन ऑक्साइड और फोरमैल्डीहाइड नाम की गैस पैदा होती है। ईथीलीन ऑक्साइड और फारमैल्डीहाइड जीवाणी रोधक हैं, जिनका उपयोग ऑपरेशन थिएटर को कीटाणुरहित करने में होता है। प्रोपीलीन ऑक्साइड वष्रा करने के उपयोग में आती है अर्थात गौघृत द्वारा किए गए यज्ञ से वातावरण की शुद्धि और वष्रा होना स्वाभाविक परिणाम हैं। भाव प्रकाश निघंटु के अनुसार गौघृत नेत्र हितकारी, अग्निप्रदीपक, त्रिदोष नाशक, बलवर्धक, आयुवर्धक, रसायन, सुगंधयुक्त, मधुर, शीतल, सुंदर और सब घृतों में उत्तम होता है। गौमूत्र में ताम्र होता है जो मानव शरीर में स्वर्ण के रूप में परिवर्तित हो जाता है।

स्वर्ण सर्व रोगनाशक शक्ति रखता है। स्वर्ण सभी प्रकार का विषनाशक है। गौमूत्र में ताम्र के अतिरिक्त लोहे, कैल्शियम, फास्फोरस और अन्य प्रकार के क्षार (मिनरल्स),कार्बोनिक एसिड, पोटाश और लेक्टोज नाम के तत्व मिलते हैं। गौमूत्र में 24 प्रकार के लवण होते हैं, जिनके कारण गौमूत्र से निर्मित विविध औषधियां कई रोगों के निवारण में उपयोगी हैं। गौमूत्र कीटनाशक होने से वातावरण को शुद्ध करता है और जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाता है। गौमूत्र त्रिदोष नाशक है, किंतु पित्त निर्माण करता है, लेकिन काली देशी गाय का मूत्र पित्तनाशक है। नवयुवकों के लिए गौमूत्र शीघ्रपतन, धातु का पतलापन, कमजोरी, सुस्ती, आलस्य, सिरदर्द, क्षीण स्मरण शक्ति में उपयोगी है। पंचगव्य गौघृत, गौमय, गौदधि, गौदुग्ध, गौमुत्र से मिल कर बनता है। उसका सेवन मिर्गी, दिमागी कमजोरी, पागलपन, पीलिया, बवासीर आदि में उपयोगी है। कैंसर जैसे दुस्साध्य, उच्च रक्तचाप तथा दमा जैसे रोगों में भी गौमूत्र का सेवन उपयोगी सिद्ध हुआ है।

इटली के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. जी.ई. बीगेड ने गोबर के अनेक प्रयोगों द्वारा सिद्ध किया है कि देशी गाय के ताजे गोबर से टीबी तथा मलेरिया के कीटाणु मर जाते हैं। आणविक विकरण से मुक्ति पाने के लिए जापान के लोगों ने गोबर को अपनाया है। गोबर हमारी त्वचा के दाद, खाज, एक्जिमा और घाव आदि के लिए लाभदायक होता है। एक देशी गाय के गोबर से प्रति वर्ष 45000 लीटर बायोगैस मिलती है। बायोगैस के उपयोग करने से 6 करोड़ 80 लाख टन लकड़ी बच सकती है, जो आज जलावन में काम आती है जिससे 14 करोड़ वृक्ष कटने से बचेंगे और पर्यावरण का संरक्षण होगा। गोबर की खाद सर्वोत्तम खाद है, जबकि फर्टलाइजर से पैदा अनाज हमारी प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है।

ऐसी तमाम जानकारियों का संचय कर उसके व्यापक प्रचार प्रसार में जुटे युवा वैज्ञानिक सत्यनारायण दास बताते हैं कि विदेशी इतिहासकारों और मार्क्?सवादी चिंतकों ने वैदिक शास्त्रों में प्रयुक्त संस्कृत का सतही अर्थ निकाल कर बहुत भ्रांति फैलाई है। इन्होंने बताने की कोशिश की है कि वैदिक काल में आर्य गौमांस का भक्षण करते थे। यह वाहियात बात है। %गौधन' जैसे शब्द का अर्थ अनर्थ कर दिया गया। दास के अनुसार वैदिक संस्कृति में एक ही शब्द के कई अर्थ प्रयुक्त होते हैं, जिन्हें उनके सांस्कृतिक परिवेश में समझना होता है। विदेशी इतिहासकारों ने वैदिक संस्कृत की समझ न होने के कारण ऐसी भूल की। आईआईटी से बी.टेक. और एम.टेक. करने वाले दास गौसेवा को सबसे बड़ा धर्म मानते हैं। समय की मांग है कि भारत सरकार और प्रांतीय सरकारें गौवंश की हत्या पर कड़ा प्रतिबंध लगाएं। इनके संवर्धन के लिए उत्साह से ठोस प्रयास करें।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। मार्केट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है,

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। जो छात्र कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनको आज अच्छी खबर मिल सकती है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे,

कर्क राशि : आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते है।

सिंह राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वे किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं।

कन्या राशि : आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरूर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिए वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है।

तुला राशि : आज आपका दिन ठीक रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें।

धनु राशि : आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे।

मकर राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

कुंभ राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी। लोग आपसे अच्छा व्यवहार करेंगे। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिए दिन उत्तम है।

मीन राशि : आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा।



दिल्ली की मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी सोमवार को देरी के कारण आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करने में विफल रहीं। मुख्यमंत्री, जिनके साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी थे, चुनाव आयुक्त से मिलने के लिए नामांकन कार्यालय से निकले। वह पार्टी के पटपड़गंज उम्मीदवार अवध ओझा के वोट ट्रांसफर मुद्दे पर अपने पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल के साथ चुनाव आयोग कार्यालय जाने वाली थीं।



# ... तो मैं नहीं लड़ूंगा चुनाव, अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी को दे दी बड़ी चुनौती

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को शकूरपुर बस्ती स्थित झुग्गी पहुंचे, जहां उन्होंने प्रेसवार्ता कर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ठीक वैसे-वैसे भाजपा का झुग्गवालों को लेकर प्रेम बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मैं एक बात कहना चाहता हूं कि अगर दिल्ली के झुग्गीवालों ने भाजपा को वोट दे दिया, तो ऐसा करके आप लोग अपनी आत्महत्या पर साइन कर दोगे। ये लोग आप लोगों को मार देंगे। ये लोग आपकी झुग्गी को तोड़ देंगे। इन लोगों ने सारी प्लानिंग कर रखी है। पिछले दस सालों में भाजपा ने तीन लाख लोगों को बेघर कर दिया है। 'आप' नेता ने कहा कि आज मैं अमित शाह को चैलेंज करने वाला हूं। अमित शाह जी ने दस सालों में जितनी झुग्गीवालों को उजाड़ा है, उन सभी केस को कोर्ट से वापस ले लें। कोर्ट के अंदर एफिडेविट फाइल कर दो कि जितनी झुग्गियां तोड़ी हैं, उनको वापस बसाएंगे। आपने जिन-जिन लोगों को उजाड़ा था, उन्हें उसी जमीन पर वापस नहीं लाते, तो केजरीवाल चुनाव नहीं लड़ेगा।

उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह अमीरों की पार्टी है। इन लोगों ने पिछले पांच-दस सालों में आज तक झुग्गीवालों की सुध नहीं ली, लेकिन अब चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो इनके नेता झुग्गी में जाकर सो रहे हैं। ये लोग तो झुग्गीवालों को कीड़े-मकोड़े समझते हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते दिनों उन्होंने दिल्ली के कई इलाकों से झुग्गी के लोगों को बुलाया था, जहां उन्होंने मुझे चुन-चुन कर गालियां दी थीं। अमित शाह जी गृह मंत्री हैं। गृह मंत्री की अपनी एक गरिमा होती है। लेकिन, उन्होंने जिस तरह से मेरे लिए शब्दों का इस्तेमाल किया, उससे हर किसी को शर्म आएगी, लेकिन मुझे अमित शाह जी से कोई द्वेष नहीं है। मैं मान-सम्मान के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं देश के मान-सम्मान के लिए राजनीति में आया हूं। लेकिन, अमित शाह जी ने जिस तरह झुग्गी के लोगों को झूठ बोलकर गुमराह किया है, आज हम उसी झूठ का पर्दाफाश करने आए हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कह रहे हैं कि जहां झुग्गी वहीं मकान, लेकिन भाजपा के लोग यह नहीं बता रहे हैं कि किसका मकान? उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जहां झुग्गी वहां इनके (भाजपा) दोस्त का मकान, जहां झुग्गी वहां बिल्डरों के मकान। जहां झुग्गी वहां झुग्गीवालों के मकान के बारे में ये लोग बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों से भाजपा की सरकार है, लेकिन अभी तक सिर्फ 4 हजार 700 मकान ही इन लोगों ने झुग्गीवालों के लिए बनाए हैं, जबकि दिल्ली में 10 लाख झुग्गी हैं। ऐसी स्थिति में दिल्ली में 1 हजार साल झुग्गीवालों को मकान देने में लगेंगे। इन लोगों ने झुग्गी को तोड़कर लोगों को बेघर करने का प्लान बनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बड़े ही बेशर्म हैं। ये लोग झुग्गी में जाकर सो रहे थे, जबकि 27 दिसंबर को एलजी ने इस झुग्गी की जमीन का लैंड यूज चेंज कर दिया और ये लोग झुग्गी के बच्चों के साथ आकर कैरम बोर्ड खेल रहे हैं। जैसे ही चुनाव आठ फरवरी को समाप्त हो जाएंगे, ये लोग झुग्गी तोड़ देंगे। 2015 में इन लोगों ने इस झुग्गी को तोड़ने की कोशिश की थी। तब मैं मुख्यमंत्री बन चुका था, मैंने तब सभी अफसरों को बुलाकर झुग्गी नहीं तोड़ने दी थी। लेकिन, मुझे इस बात का दुख है कि उस दौरान बुलडोजर लाने की वजह से हुई अफरातफरी में छह साल की छोटी बच्ची की मौत हो गई थी।

### बेरोजगार युवाओं को हर महीने मिलेंगे 8500 रुपये

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर सियासत में माहौल काफी गर्माया हुआ है। हर पार्टी लोगों को रिझाने के लिए कई स्कीमों का ऐलान कर रही है। वहीं कांग्रेस ने भी बड़ा ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने आगामी चुनाव में पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल तक साढ़े आठ हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक मदद देने का एलान किया है। साथ ही उन्हें रोजगार का प्रशिक्षण भी दिए जाने की बात कही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने इस योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस योजना का नाम 'युवा उड़ान योजना' रहेगा।



श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण के साधु (पवित्र पुरुष) महाकुंभ मेला 2025 के लिए पेशवाई धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए, जो प्रयागराज में संगम की ओर उनके औपचारिक प्रवेश का प्रतीक है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिरडी के साईं बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की.

# स्वामी विवेकानंद युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं : पीएम नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं। वह युवा दिमाग में जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को उजागर करने के लिए एक वीडियो क्लिप भी शेयर की। उन्होंने कहा कि यह भारत की युवा शक्ति का दिन है, जो उस महान व्यक्ति को समर्पित है, जिसने ब्रिटिश राज के दौरान भारत को नई ऊर्जा से भर दिया था।

पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद भी कहते थे कि भारत की आकांक्षाएं युवाओं के चरित्र और उनकी प्रतिबद्धता तथा बौद्धिकता पर निर्भर हैं। स्वामी विवेकानंद का मार्गदर्शन भारत के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। वीडियो में पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद के दो संदेश हर भारतीय युवा का हिस्सा होने चाहिए- संस्था और नवाचार। संस्था तब बनती है जब हम अपने विचारों का विस्तार करते हैं और टीम भावना के साथ काम करते हैं। प्रत्येक युवा को अपनी व्यक्तिगत सफलता को टीम की सफलता में बदलना चाहिए। यह टीम भावना भारत को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे ले जाएगी। स्वामी विवेकानंद की आज (12 जनवरी) जयंती है। राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह दिन युवा पीढ़ी को उनके व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ सामाजिक प्रगति के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में पीएम मोदी रविवार को दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी पूरे भारत से आए 3,000 गतिशील युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे और सभा को संबोधित भी करेंगे।

विकसित भारत युवा नेता संवाद का उद्देश्य पारंपरिक तरीके से राष्ट्रीय युवा महोत्सव आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है। यह पीएम मोदी के स्वतंत्रता दिवस के आह्वान के अनुरूप है, जिसमें एक लाख युवाओं को बिना किसी राजनीतिक संबद्धता के राजनीति में शामिल करने और उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचारों को वास्तविकता बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का आह्वान किया गया है।

पटना (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच, पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के रविवार को बिहार बंद के आह्वान पर छात्र युवा शक्ति के बैनर तले बड़ी संख्या में युवा और छात्र सुबह सड़कों पर उतर गए।

## टीवीके प्रमुख विजय ने डीएमके पर नीट को लेकर तमिलनाडु को गुमराह करने का लगाया आरोप

चेन्नई (आरएनएस)। तमिल सुपरस्टार और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के संस्थापक विजय ने डीएमके पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को खत्म करने के झूठे वादों के साथ तमिलनाडु के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आलोचना करते हुए कहा कि डीएमके नेता ने अब स्वीकार कर लिया है कि केवल केंद्र सरकार के पास ही नीट को खत्म करने का अधिकार है।

विजय ने तर्क दिया कि यह खुलासा 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान डीएमके के धोखे को दिखाता है, जब पार्टी ने सत्ता में आने पर परीक्षा को खत्म करने का वादा किया था। उन्होंने डीएमके पर वोट हासिल करने के लिए झूठे आश्वासन देने और सत्ता में आने के बाद अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2021 के विधानसभा चुनावों में नीट एक प्रमुख अभियान मुद्दा था और डीएमके ने दावा किया था कि वे इसे खत्म करने की योजना बना रहे हैं। विजय ने सवाल किया, अब डीएमके सरकार कहती है कि केवल केंद्र ही नीट रद्द कर सकता है। क्या यह उन लोगों के साथ विश्वासघात नहीं है,



मकर संक्रांति त्यौहार से पहले गंगासागर द्वीप पर सूर्यास्त का शांत नजारा, दक्षिण 24 परगना में तीर्थयात्री पवित्र अनुष्ठानों के लिए एकत्रित हुए.

## महाकुंभ 2025- प्रयागराज में यमुना घाट पर औद्योगिक मंत्री ने किया वाटर लेजर शो का उद्घाटन

प्रयागराज (आरएनएस)। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने प्रयागराज में यमुना बैंक घाट पर महाकुंभ 2025 से संबंधित प्रमुख कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने वाले एक प्रमुख वाटर लेजर शो का उद्घाटन किया।

वाटर लेजर शो 45 मिनट तक चला और इसे तैयार करने में 20 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हुए हैं। इसे करीब 100 लोगों की टीम ने महज 60 दिनों (दो महीने) में तैयार किया।

बता दें कि निजी कंपनी ने पहले अयोध्या और झांसी में इसी तरह के वाटर लेजर शो आयोजित किए थे। उद्घाटन के दौरान मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शो की खूबसूरती को उजागर करते हुए इसे ऐतिहासिक और अद्भुत अनुभव बताया।

नंद गोपाल गुप्ता नंदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सनातन धर्म एवं आस्था के सबसे बड़े समागम दिव्य एवं भव्य महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा और यमुना की लहरों पर अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में यमुना बैंक रोड के काली घाट पर 22 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पर्यटन विभाग के वाटर लेजर शो का विधि विधान पूर्वक पूजन कर एवं बटन दबाकर उद्घाटन किया।

# भाजपा सरकार ने माफिया को संरक्षण दिया : संजय राउत

मुंबई ,12 जनवरी (आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीड और परभणी जिलों में जो घटनाएं हुईं, वे चौंकाने वाली हैं।

राउत ने कहा कि भाजपा शासन में छोटे अपराधियों को फंसा दिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी को बचा लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने माफिया को संरक्षण दिया है और इसके पीछे उनके पार्टी के सदस्य वाल्मिकी कराड जैसे लोग हैं।

राउत ने कहा कि यह स्थिति एक प्रकार के माफिया राज जैसी हो रही है, जैसे शिकागो में हुआ था।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के परिवारों के साथ धोखा हुआ और जिनके परिजन मारे गए, वे धीरे-धीरे सामने आकर अपनी बात रखेंगे।

राउत ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें सभी को सुरक्षा देनी चाहिए, बजाय इसके कि वे मुख्य आरोपी को बचाने की कोशिश करें।

इसके साथ ही राउत ने स्पष्ट किया कि उन्होंने या शिवसेना के किसी भी नेता ने यह नहीं कहा कि इंडिया गठबंधन या महाविकास अघाड़ी टूट गई है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी विधानसभा चुनाव के लिए था, जबकि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा के साथ होते हुए भी शिवसेना ने स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ा। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र शांत तो है, लेकिन स्तब्ध है। बीड और परभणी में अशांति है, और राज्य में शांति लाने के लिए गुंडागर्दी को समर्थन देने का तरीका सही नहीं है।

## डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता, विदेश मंत्री एस जयशंकर जाएंगे अमेरिका

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता मिला है। निमंत्रण पर विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका जाएंगे। 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठक करेंगे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेंगे। इससे पहले अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से 5 दिन पहले बुधवार को ओवल ऑफिस से विदाई भाषण देंगे।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा सांसद कंगना रनौत नागपुर के यशवंत स्टेडियम में खासदार खेल महोत्सव मैराथन (देश का पहला ग्रास-रूट लेवल मल्टी-स्पोर्ट इवेंट) के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।



छात्र युवा शक्ति के सदस्यों ने प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद बीपीएससी द्वारा आयोजित 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा (सीसीई), 2024 को रद्द करने की मांग को लेकर पटना में विरोध प्रदर्शन किया।

# दिल्ली में पोस्टर वार - भाजपा ने केजरीवाल को बताया पूर्वांचलियों का जानी दुश्मन

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सभी पार्टियां सड़क से लेकर सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। एक-दूसरे की बखिया उधेड़ी जा रही है। भाजपा और आम आदमी पार्टी का पोस्टर वार सुर्खियों में है। रविवार को भाजपा ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर अरविंद केजरीवाल पर जबरदस्त हमला किया। पूर्व सीएम को पूर्वांचलियों का जानी दुश्मन बताया गया।

पोस्टर में लिखा है, दिल्ली को बर्बाद कर दिया इस 'आप' दा की टोली ने। अब नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे।

वहीं, पूर्वांचलियों को फर्जी वोटर्स बताए जाने को लेकर भी भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा है। भाजपा ने इस संबंध में लिखा है, दिल्ली में रह रहे यूपी बिहार के लोग अरविंद केजरीवाल के लिए फर्जी, रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए इनके रिश्तेदार।

पोस्ट में आगे कहा गया है कि पूर्वांचल के लोगों को फर्जी वोटर बताने वाले केजरीवाल, अब यही पूर्वांचल समाज पांच फरवरी को 'आप' को अच्छे से सबक सिखाएगा।

दिल्ली की राजनीतिक गलियारों में भाजपा का यह पोस्टर सुर्खियों में है। जब से चुनावी बिगुल बजा है, तब से दोनों पार्टियों के बीच पोस्टर वार अपने चरम पर है।

इससे पहले आम आदमी पार्टी ने 11 जनवरी को अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर एक पोस्टर जारी कर कालकाजी से भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी पर निशाना साधा था। इस पोस्टर में रमेश बिधूड़ी को भाजपा का गालीबाज नेता बताने के साथ ही बाहुबली फिल्म के खलनायक का गेटअप दिया था।

इसके बाद भाजपा ने पलटवार करते हुए अरविंद केजरीवाल का भी पोस्टर जारी किया था। जिसमें शराब घोटाले में 2026 करोड़ खा गया दिल्ली का महाठग, आप-दा का पर्दाफाश, शराब नीति बनाकर दिल्ली का भविष्य किया खराब लिखा गया था।

आम आदमी पार्टी ने एक और पोस्टर जारी कर कांग्रेस, भाजपा और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी को निशाने पर लिया था। पोस्टर में कांग्रेस और भाजपा के नेताओं को जहां निकम्मा बताया गया था। वहीं दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल को ईमानदार बताया गया था।

बता दें कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए पांच फरवरी को मतदान होंगे और आठ फरवरी को नतीजों की घोषणा होगी।



मॉडल-अभिनेत्री किम कार्दशियन ने हाल ही में अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी राज्य कैलिफोर्निया में चल रही जंगल की आग से लोगों को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने वाले अग्निशामकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उनके लिए अधिक वेतन की भी मांग की। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नोट लिखा जिसमें दावा किया गया कि जेल में बंद अग्निशामकों को 1984 से एक अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जा रहा है, और बताया कि मुद्रास्फीति के साथ उनके वेतन में कभी भी वृद्धि नहीं की गई है।

## इंडस्ट्री भाषाओं की दीवारें तोड़कर टैलेंट को जोड़ रही सम्युक्ता मेनन



आज का भारतीय सिनेमा ऐसे कलाकारों को अपनाने के लिए तैयार है, जो भाषाओं की सीमाओं से परे जाकर काम कर रहे हैं। सम्युक्ता इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में शानदार काम करने के बाद अब सम्युक्ता बॉलीवुड में फिल्म महारानी से डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह काजोल के साथ नज़र आएंगी। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसमें सम्युक्ता की भूमिका बहुत खास और दमदार है। यह दिखाता है कि वह किसी भी भाषा में अपनी कला से सबका दिल जीत सकती हैं।

बॉलीवुड में सम्युक्ता का आना यह बताता है कि अब इंडस्ट्री भाषाओं की दीवारें तोड़कर टैलेंट को जोड़ रही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में सम्युक्ता ने कहा, मैं हमेशा मानती हूं कि कहानी कहने की कला सबकी होती है और अभिनय की कोई सीमा नहीं होती। यह प्रोजेक्ट मेरे इस विश्वास को और मजबूत करता है।

अपने हर किरदार को गहराई और भावनाओं से निभाने वाली सम्युक्ता आज क्षेत्रीय और बॉलीवुड सिनेमा को जोड़ने वाली कड़ी बन रही हैं। जैसे-जैसे बॉलीवुड पैन-इंडिया दर्शकों से जुड़ने की कोशिश कर रहा है, सम्युक्ता इस बदलाव की अगुवाई कर रही हैं और भारतीय सिनेमा को एकजुट करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

**सूरज बड़जात्या ने किया अपनी पहली वेब सीरीज बड़ा नाम करेंगे का ऐलान, सोनी लिव पर होगा प्रीमियर**

जल्द ही सोनी लिव पर सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' का प्रीमियर होगा। यह ओटीटी पर राजश्री प्रोडक्शंस का डेब्यू शो होने वाला है। यह एक लव स्टोरी वाली सीरीज हैं, जिसमें फैमिली वैल्यूज भी होंगे। यही बात तो राजश्री प्रोडक्शंस और सूरज बड़जात्या की खासियत है। सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' मन को छू लेने वाली है, इसको पलाश वासवानी द्वारा निर्देशित किया गया है। हालिया जारी टीजर में प्यार, परिवार को जोड़कर एक कहानी की झलक दिखाई गई है। इस सीरीज में ऋषभ और सुरभि की कहानी है, जिनकी अरेंज मैरिज एक अलग ही मोड़ लेती है, जब उनके अतीत की बातें सामने आती हैं। आगे दोनों अपने रिश्ते को लेकर क्या फैसला लेंगे, इस पर पूरी कहानी है। सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' के बारे में सूरज आर.बड़जात्या ने कहा- 'यह सीरीज मेरे दिल में एक खास जगह रखती है। इसके साथ हम रिश्तों की खूबसूरती, प्यार की गहराई और पारिवारिक मूल्यों की मजबूती के बारे में बता रहे हैं। मैं इस दिल को छू लेने वाली कहानी को दर्शकों के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं। सोनी लिव के साथ मिलना, हमारे लिए शानदार एक्सपीरियंस है।

सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' में कंवलजीत सिंह, अलका अमीन, राजेश जैस, चित्राली लोकेश, राजेश तैलंग, अंजना सुखानी और कई उम्दा कलाकारों की टीम शामिल है।

यह सभी कलाकार फिल्मों और टीवी में अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। दर्शकों को भी राजश्री प्रोडक्शंस की फिल्म, सीरियल पहले पसंद आए हैं, तो इस सीरीज को लेकर भी फैंस एक्साइटेड हैं।

## रामायण को मिली नई रिलीज तारीख, चार भाषाओं में एनिमेशन में देख पाएंगे रामकथा

रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा, 1993 में बनी जापानी-भारतीय एनीमे फिल्म है। आखिरकार इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज डेट मिल गई है। इस एनिमेटेड फिल्म को पहले 18 अक्टूबर, 2024 को 4के फॉर्मेट में रिलीज किया जाना था। लेकिन अब यह 24 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी।

इसे ओरिजनल इंग्लिश वर्जन के साथ हिंदी, तमिल और तेलुगु में नए डब के साथ रिलीज किया जाएगा। रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम को गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने पूरे भारत में डिस्ट्रीब्यूट किया है। 'रामायण: द लेजेंड ऑफ प्रिंस रामा' को भारत में 1993 में 24वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किया गया

## हॉल्टर नेक आउटफिट में अनुष्का सेन ने लगाया ग्लैमर का तड़का, एक्ट्रेस का लुक देख फैंस हुए घायल



छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अनुष्का सेन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तरीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका ग्लैमरस लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण आए दिन सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने हॉल्टर नेक लुक में बेहद ही शानदार ब्लैक कलर का लॉन्ग ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में काफी हॉट एंड सेक्सी लग रही हैं। अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट लुक से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। फैंस भी उनके लुक पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। एक्ट्रेस की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 3 लाख 44 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कुछ यूजर्स- फेयरी गर्ल, नाइस, सो क्यूट, अडोरेबल लिख कर कॉमेंट कर रहे हैं। अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। बता दें कि सिर्फ इंडिया में ही नहीं उन्हें विदेश में भी लोग फॉलो करते हैं।

**जैकी श्रॉफ और सिकंदर खेर की चिड़िया उड़ का ट्रेलर जारी, 15 जनवरी से अमेजन एमएक्स प्लेयर पर होगी स्ट्रीम**

अभिनेता जैकी श्रॉफ को इन दिनों फिल्म बेबी जॉन में देखा जा रहा है, जिसमें वह खलनायक बन वरुण धवन के भिड़ते नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनके काम को खूब सराहा जा रहा है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी।

## अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स का पहला गाना माये जारी, देशभक्ति की झलक दिखी

इस साल की फिल्म स्काई फोर्स में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया मुख्य किरदार में नजर आएंगे। मैडॉक फिल्म्स ने स्काई फोर्स का माई पूरा रिलीज कर दिया है, जिसमें जांबाजों की कहानी को इस कदर दिखाया गया है कि हर कोई उनपर नाज करेगा। इस गाने को बी पराग ने गाया है। मैडॉक ने कुछ ही देर पहले फिल्म स्काई फोर्स का माई सॉन्ग इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर रिलीज किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म निर्माताओं ने लिखा, अपने शहीदों की शान में, जिन्होंने हमारे अपने देश को हर चीज से आगे रखा। पेश है माई सॉन्ग, द एंथम ऑफ हीरोज... साथ ही नीचे यूट्यूब का लिंक भी दिया गया। स्काई फोर्स में अक्षय कुमार एक वायुसेना अधिकारी के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया था, जिसमें फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आई। फिल्म का ट्रेलर 5 जनवरी को रिलीज किया जा चुका है। आज फिल्म का माई गाना रिलीज किया गया है, जिसे बी पराग ने गाया है। अभिषेक अनिल कपूर द्वारा अपनी पहली निर्देशित देशभक्ति फिल्म स्काई फोर्स के माई गाने के बाद प्रशंसक की उत्सुकता फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है। फिल्म 24 जनवरी,2025 को रिलीज होने वाली हैं। यह फिल्म भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की कहानी है। इसमें साल 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर हुए जवाबी हमले को दिखाया गया है।

फिल्म स्काई फोर्स के माई गाने को रिलीज हुए अभी सिर्फ 45 मिनट ही हुए हैं और इस पर अभी तक 34 हजार से ज्यादा के व्यूज आ चुके हैं और यह व्यूज लगातार यूट्यूब पर बढ़ते ही जा रहे हैं। माई गाने पर प्रशंसकों भी अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, अक्षय कुमार बी पराग फिर से साथ आ रहे हैं, मजेदार.., एक और प्रशंसक ने लिखा, मेरी मिट्टी माई..., एक और प्रशंसक ने लिखा, 26 जनवरी तक इस गाने को 50 मिलियन तक पहुंचा देना लव यू बी पराग..

## फिल्म आजाद का पहला गाना उई अम्मा हुआ रिलीज, राशा थडानी ने अपने डांस मूव्स से मचाया तहलका

लगातार विकसित हो रहे भारतीय सिनेमा में, किसी भी डेब्यूटेंट कलाकार के लिए अपने डेब्यू से ही एक स्थायी छाप छोड़ना बहुत ही दुर्लभ है. मीडिया और फैंस के बीच एक लोकप्रिय चेहरा, राशा थडानी, आगामी फ़िल्म आज़ाद के अपने डेब्यू गाने उई अम्मा से तहलका मचा रही हैं. इस गाने को इसके एनरजेटिक वाइब और राशा के शानदार प्रदर्शन के लिए व्यापक प्रशंसा मिली है. इस गाने ने न सिर्फ लाखों लोगों के दिलों पर कब्जा किया है, बल्कि उन्हें देश भर में सनसनी भी बना दिया है. अमान देवगन, अजय देवगन और डायना पेंटी के साथ अभिनय करने वाली, राशा का बड़े पर्दे पर आना एक शानदार करियर की शुरुआत है. आजाद का गाना उई अम्मा चार्टबस्टर ट्यून्स को वाइब्रेंट ऊर्जा के साथ मिलाता है, जो दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ता है. फिल्म की रिलीज से पहले ही, राशा ने अपने शानदार डांस मूव्स, चार्मिंग एक्सप्रेशन और ऑन-स्क्रीन प्रेजेंस से नेटिजन्स को प्रभावित किया है. उई अम्मा में उनके प्रदर्शन ने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा किया है, जो फिल्म में उन्हें और अधिक देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फैंस और दर्शकों ने रशा थडानी की खूब तारीफ की है. जबकि कुछ नेटिजन्स ने उनके खूबसूरत एक्सप्रेशन की सराहना करते हुए कहा, क्या डेब्यू गाना है राशा, एक्सप्रेशन और डांस के साथ खूबसूरती, शानदार राशा यकीनन से अगली सुपरस्टार हैं. एक और फैन लिखता है, सो ब्यूटीफुली परफॉर्म, कुड नॉट स्टॉप स्माइलिंग थ्रूआउट, द एक्सप्रेशन्स आर सो गुड! तीसरे फैन ने लिखा है, राशा एनर्जी इन उई अम्मा इज नेक्स्ट लेवल- व्हाट ए डेब्यू. अन्य लोगों ने उनके मनमोहक प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा. फॉर हर डेब्यू दिस सॉन्ग इज एक्सीलेंट हर एक्सप्रेशन इज अन्दर लेवल. एक और लिखता है, राशा के डेब्यू में उई अम्मा जैसा सॉन्ग तो चेरी ऑन टॉप है, राशा ने अपने डांस मूव्स से उई अम्मा को और भी जबरदस्त बना दिया है. इस गाने पर और भी कई कमेंट्स हैं, जो इसकी मेगा सफ़लता और दर्शकों के हर वर्ग के बीच राशा थडानी की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं. राशा के उदय को और भी उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि उई अम्मा में उनकी मौजूदगी युवा ऊर्जा का सही मिश्रण लगती है. राशा का प्रदर्शन साबित करता है कि वह एक प्रभावशाली प्रतिभा हैं, जो दर्शकों से जुड़ना जानती हैं. इस गाने को अमित त्रिवेदी ने कंपोज किया है और मधुबंती बागची ने गाया है. अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 17 जनवरी, 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का शानदार प्रदर्शन जारी, टक्कर देने आ गईं ये फिल्में

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल बीते साल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और पहले दिन से यह बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई कर रही है।

फिल्म को रिलीज हुए 36 दिन बीत गए हैं और यह अब तक सिनेमाघरों में टिकी हुई है।

पांचवें सप्ताह भी फिल्म का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है।

आइए जानें फिल्म ने 36वें कितने करोड़ रुपये कमाए।

सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 ने रिलीज के 36वें दिन यानी पांचवें गुरुवार को 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,215 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 1,835 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

पुष्पा 2 के निर्देशक सुकुमार हैं। रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## कई कोशिशों के बाद भी टाइल्स के बीच फंसी गंदगी नहीं हो रही साफ? तो आजमाएं ये 3 तरीके, चमक उठेगा आपके घर का फर्श



आजकल अधिकतर घरों के फर्श पर टाइल्स लगी होती हैं. टाइल्स लगाने के कई फायदे होते हैं. टाइल्स लगाने से फर्श मजबूत होता है और काफी आकर्षक दिखता है. इसके साथ ही टाइल्स का फर्श एक अच्छा इन्सुलेटर और फायर प्रूफ होता है. टाइल्स घर की खूबसूरती बढ़ाती हैं. हालांकि, गंदगी आसानी से टाइल्स में फंस जाती है, टाइल्स में गंदगी आसानी से फंसने की वजह होती है. जैसे कि टाइल्स की सतह की बनावट और डिजाइन. दरअसल, टाइल्स की बनावट की वजह से इसपर पर निशान भी आसानी से पड़ जाते हैं. जिससे इसे निकालना मुश्किल हो जाता है. इससे टाइल्स की खूबसूरती खराब हो जाती है और नई टाइल्स पुरानी लगने लगती हैं. हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि टाइलों के बीच जमी गंदगी को कुछ आसान तरीकों से हटाया जा सकता है. इस खबर में कुछ टिप्स दिए गए हैं, जिसे आजमाने से टाइल्स गंदगी दूर होज जाएगी और टाइल्स पहले की तरह को चमकदार हो जाएगा.

सिरका और पानी: टाइल्स को साफ करने के लिए सबसे पहले गर्म पानी लें और फिर उसमें सिरका मिलाकर मिश्रण बना लें. फिर इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें और टाइल्स के बीच जहां गंदगी जमा हो गई है वहां थोड़ा सा स्प्रे करें. 5 मिनट बाद ब्रश से गंदगी साफ कर लें. इस तरह गंदगी साफ हो जाएगी. नींबू का रस: नींबू हर घर में उपलब्ध होता है. नींबू सिर्फ नींबू पानी बनाने के लिए ही नहीं बल्कि फर्श चमकाने के लिए भी उपयोगी है. इसलिए पानी में नींबू का रस मिलाएं और टाइल्स के बीच जहां गंदगी हो वहां स्प्रे करें. इसके बाद फर्श को स्क्रबर से साफ करें। इस तरह गंदगी दूर हो जाएगी. बेकिंग सोडा: बेकिंग सोडा टाइल्स के बीच की गंदगी हटाने में कारगर है. तो एक कटोरी में बेकिंग सोडा लें और फिर इसमें थोड़ा सा पानी डालकर पेस्ट बना लें. फिर इस पेस्ट को गंदे स्थान पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें. इसके बाद फर्श को स्क्रब से साफ कर लें. इस तरह आपके घर के फर्श चमक उठेंगे.

## बाल झड़ने से हैं परेशान तो अपनाएं ये 6 तरीके, कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा फायदा



बालों का झड़ना पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए एक बड़ी समस्या है. आमतौर पर तनाव, प्रदूषण, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, खराब सेहत और आहार में गड़बड़ी, बाल झड़ने का कारण माने जाते हैं, इसके साथ ही बालों का झड़ना हार्मोनल बदलाव के कारण भी होता है. पोषक तत्वों की कमी और स्कैल्प पर रूसी का होना भी बाल झड़ने का कारण है. ज्यादातर लोग इस समस्या से निजात पाने के लिए कई तरीके आजमाकर थक चुके हैं. हालांकि, आज इस खबर में नचुरल तरीकों को आजमाकर बालों को झड़ने से कैसे रोकें और बालों के विकास को बढ़ावा देने के क्या करें, इसके बारे में जानें...

मेथी

मेथी बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में बहुत मददगार है. मेथी में प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं. यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है और बालों का गिरना कम करता है. इसके लिए मेथी के दानों को भिगोकर उसे अच्छे से पीसकर स्कैल्प पर लगाएं। 20 मिनट बाद धो लें.

नींबू का रस

नींबू साइट्रिक एसिड का बहुत अच्छा स्रोत है. इससे सिर की त्वचा का श्व॥ संतुलित रखने में मदद मिलेगी. यह बालों की ग्रोथ बढ़ाने और डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने में फायदेमंद है.इसके लिए थोड़े से पानी में नींबू का रस डालकर मिला लीजिए. इसे स्कैल्प पर लगाएं. 20 मिनट बाद धो लें.

ब्राह्मी

ब्राह्मी में एल्कलॉइड और ट्राइटरपेनॉइड सैपोनिन होते हैं. यह स्कैल्प को पोषण देने और बालों के रोमों को मजबूत बनाने में मदद करता है. ब्राह्मी बालों के झड़ने को रोकने और सिर पर जमा गंदगी और रूसी को हटाकर बालों के विकास को बढ़ावा देने में फायदेमंद है.

आंवला

आंवला विटामिन, खनिज, अमीनो एसिड, फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सिडेंट का एक अच्छा स्रोत है, जो बालों के स्वास्थ्य की रक्षा करता है. यह बालों के रोमों को भी मजबूत करता है और खोपड़ी में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है. इसके साथ ही यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है. इसके लिए आंवले के साथ नारियल का तेल सिर और बालों पर लगाएं. 30 मिनट बाद हल्के शैम्पू से धो लें.

अंडा

अंडे में प्रोटीन और अमीनो एसिड प्रचुर मात्रा में होता है. यह बालों को मजबूत बनाता है और बालों का झड़ना रोकने में मदद करता है. अंडे बालों को मुलायम बनाए रखने में भी मदद करते हैं. इसके लिए एक अंडे को अच्छे से फेंट लें और इसे स्कैल्प और बालों पर लगाएं. 20 से 30 मिनट बाद हल्के शैम्पू से धो लें.

लाल मिर्च

लाल मिर्च में कई घटक होते हैं जो बालों के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, जिनमें फ्लेवोनोइड्स और फाइटोस्टेरॉल नामक यौगिक शामिल हैं. यह बालों का झड़ना रोकने में मदद करता है और बालों के विकास को तेज़ करता है. इसमें एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं. यह डैंड्रफ दूर करने में कारगर है.

## शब्द सामर्थ्य -294

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 293 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | थि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | बा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खु | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना पाटन में रात्रि में श्रीमती सोनल यादव उम्र 28 वर्ष निवसी ग्राम बिल्थरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति सुवह से ही लक्ष्मीबाई साहू कालेज में काम पर चले गये थे शाम लगभग 4-30 बजे घर के सामने लगे नल में पानी भरने के लिये गयी तभी घर के पीछे रहने वाला बब्बू उर्फसंतोष चौधरी आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा उसने गालियां देने से मना किया तो शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो एक थप्पड़ मारकर धक्का दे दिया



तिलक भूमि तलैया स्कूल के पास अवैध निर्माण की शिकायत को जॉच करने अधिकारियों को दिये निर्देश

# शिकायत का जायजा लेने मौके पर खुद पहुँची निगमायुक्त प्रीति यादव

**स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यो को भी गति दें अधिकारी कर्मचारी - निगमायुक्त**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम को स्थानीय नागरिकों के द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी कि तिलक भूमि तलैया स्कूल के पीछे बाउंड्री से लगकर अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिसकी स्थिति जानने और देखने के लिए खुद निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव पहुँची। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू मौके पर उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संभागीय यंत्री कुलदीप तिवारी, संभागीय भवन अधिकारी अनुपम शुक्ला तथा मुख्य स्वच्छता निरीक्षक वैभव तिवारी को शिकायत स्थल पर बुलाकर जॉच करने के निर्देश दिये। सुबह सुबह भ्रमण पर निकली निगमायुक्त ने उस क्षेत्र की साफ-सफाई का भी जायजा लिया और लोगों से भी अपने आस-पास साफ सफाई बनाए रखने की अपील की ताकि स्वच्छता में शहर को नंबर वन बनाया जा सके। इस दौरान भवन शाखा, राजस्व शाखा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी को भी निगमायुक्त श्रीमती यादव ने स्वच्छता अभियान के कार्यो में आपसी समन्वय के साथ करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत् शहर की सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने तथा अन्य निर्धारित मापदण्डों के अनुसार किये जा रहे कार्यो को देखने लगातार निगमायुक्त श्रीमती यादव वार्डो में पहुँच रही है और कार्यो को गति प्रदान कर रहीं है।

## 24x7 वॉटर सप्लाई प्रारंभ

**राइट टाऊन और नेपियर टाऊन के नागरिकों को असुविधा से बचनें शीघ्र नया कनेक्शन लेने मुख्य कार्यपालिक अधिकारी ने की अपील**

जबलपुर। नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी जबलपुर के अंतर्गत ए.वी.डी. एरिया में 24ङ्क7 योजना के तहत् अब नागरिकों को पेयजल आपूर्ति कराने की पहल प्रारंभ कर दी गयी है। मुख्य कार्यपालिक अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि स्मार्ट सिटी के ए.वी.डी. एरिया में नागरिकों को सातों दिन 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने इस योजना से राइट टाउन और नेपियर टाउन के नागरिकों से अपील की है कि नई पाइप लाइन से सभी लोग शीघ्र नल कनेक्शन (मीटर सहित) प्राप्त कर लें। इसके लिए निर्धारित ठेकेदार (जैन इरीगेशन) को रसीद दिखाना अनिवार्य रखा गया हैं।

इस संबंध अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि पानी प्रदाय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है,

# संस्कारधानी से पुनः नियुक्त हो सकते हैं आयुक्त निश्शक्तजन मध्य प्रदेश



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विदित है कि दिव्यांगजनों के कल्याण और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकार और दिव्यांगजनों और दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं के मध्य सेतु के रूप में कार्य करने के लिए आयुक्त नि:शक्तजन की नियुक्ति 3 वर्ष के लिए की जाती है. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत् दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार, प्रशिक्षण, पुनर्वास तथा उपचार एवं उनको आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के लिये किये जा रहे प्रत्येक कार्यो का पर्यवेक्षण, भेदभाव हटाने, दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधाओं के विकास के लिये तथा उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु राज्य शासन द्वारा राज्य आयुक्त दिव्यांगजन को अधिनियम की धारा 79 के अंतर्गत 3 वर्ष के लिए दायित्व सौंपा जाता हैं। विदित है कि जब से आयुक्त नि:शक्तजन का पद बनाया गया है तब से अभी तक आयुक्त नि:शक्तजन जबलपुर से ही बने है. प्रथम एवं द्वितीय कार्यकाल दीपांकर बैनर्जी, बलदीप सिंह मैनी, और संदीप रजक. तीनों ने ही अपने कार्यकाल में दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये. वहीँ आयुक्त नि:शक्तजन की पुनः नियुक्ति होनी है इसके लिए दिव्यांगता और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले अनेकों समाजसेवियों ने आवेदन किये है. जबलपुर में ही पिछले 15 वर्षों से दिव्यांगता, नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य कल्याण के लिए समाज सेवी क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन द्वारा सेवा कार्य किये जा रहें है. मुकेश कुमार सेन कई नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र और दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रही सामाजिक संस्थाओं में अपनी सेवा दें चुके है साथ ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक है,दिव्यांगता,नशा मुक्ति, मनोआरोग्यता के साथ साथ,राष्ट्रीय मानवाधिकार संघठन में प्रदेश महासचिव रहते हुए दिव्यांगजनों, नशा पीड़ितों और मानसिक रूप से बीमार लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आमजनों को जागरूक करना, साथ ही पिछले 10 वर्षों से पत्रकारिता करते हुए दिव्यांगता, नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लेखों के माध्यम से सरकार और आमजनों को जागरूक करना ताकि दिव्यांगजनों, नशा पीड़ितों और मानसिक रूप से बीमार लोगों के प्रति समाज में सकारात्मकता लाई जा सके. आपके द्वारा शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नामक संस्था की स्थापना कर पिछले 8 वर्षों से नशा पीड़ितों, मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं दिव्यांगजनों की सेवा की जा रही है . यदि मुकेश कुमार सेन की योग्यता और सेवा संकल्प को देखा जाए तो मध्य प्रदेश में दिव्यांगता के कल्याण के लिए पुनः जबलपुर से एक युवा आयुक्त नि:शक्तजन मिल सकता है

# 46 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जबलपुर के रोहित दुबे ने जीते दो स्वर्ण पदक



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 46 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत एथलेटिक्स प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के रोहित दुबे नें फील्ड स्पर्धा के अंतर्गत शॉटपुट व जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी टीम को तृतीय स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिछले दिनों पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सागर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की टीम प्रथम, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई द्वितीय व केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की टीम तृतीय स्थान पर रही।

केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के अशोक चौहान 100 मीटर फर्राटा दौड़ में तृतीय स्थान पर रहे। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए रोहित दुबे को प्रतियोगिता का उभरता हुआ खिलाड़ी का खिताब प्रदान किया गया। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने रोहित दुबे व अशोक चौहान को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

# ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग आज से




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतर विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत "ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग -2025" का आयोजन 14 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक होने जा रहा है। टेनिस बॉल से खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता के सभी लीग एवं फाइनल मुकाबले रामपुर स्थित पांडुताल खेल प्रागंण में होंगे। इस प्रतियोगिता में तीन महिला टीम, वेंडर्स की एक टीम सहित कुल सात टीमें हिस्सा ले रही है। जिसमें एम.पी. ट्रांसको के जबलपुर में पदस्थ नियमित एवं संविदा कार्मिकों सहित बाह्य सेवा प्रदाता कार्मिक एवं वेंडर भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन एम पी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी दोपहर12 बजे करेंगे।

# 06603/06604 बीना- कटनी मुडवारा-बीना महाकुंभ मेला मेमू ट्रेन ( 46-46 ट्रिप ) पमरे के बीना स्टेशन से होगी प्रारंभ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की मांग और आस्था को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 06603/06604 बीना-कटनी मुडवारा महाकुंभ मेला मेमू अनारक्षित गाड़ी को प्रारंभ किया गया है।

गाड़ी संख्या 06603 बीना-कटनी मुडवारा महाकुंभ मेला मेमू अनारक्षित विशेष ट्रेन 14 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक संचालित होगी। बीना स्टेशन से यह गाड़ी 14ः00 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए उसी दिन कटनी मुडवारा स्टेशन पर शाम 20ः10 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 06604 कटनी मुडवारा-बीना महाकुंभ मेला अनारक्षित विशेष मेमू ट्रेन कटनी मुडवारा स्टेशन से 14 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक संचालित होगी। कटनी मुडवारा से यह गाड़ी रात 21ः00 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए बीना स्टेशन पर अगले दिन सुबह 04.15 बजे पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बीना, बीना मालखेड़ी, बघौरा, खुरई, सुमरेरी, जरुआ खेड़ा, इसरवारा, नरयावली, सागर, मकरोनिया, लिधौरा खुर्द, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, असलाना, दमोह, करहिया भदौली, बांदकपुर, घटेरा, सगोनी, सलैया, बखलेटा, रीठी, हरदुआ, स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवाओं ह्ङ्कश्वस्/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा प्रारंभ करें। अधिक जानकारी के लिए रेलवे की अधिकृत वेबसाइट 222.द्गठ्ठह्लह्द्बह्ल4.द्बठ्ठस्रद्बड्डठ्ठह्ल्ड्डद्बद्य.द्ब्र1.द्बठ्ठ पर जाएं या ह्ङ्कश्वस् ऐप डाउनलोड करें

## ई-कॉमर्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने की मांग

जबलपुर। ई-कॉमर्स एवं क्विक कॉमर्स के बढ़ते व्यापार से खुदरा व्यापार चौपट होता जा रहा है छोटे और मध्यम व्यापारियों का व्यापार 50 प्रतिशत तक घट गया है और एक करोड़ दुकाने बंद होने की कगार पर हैं। देश में 8 करोड़ खुदरा व्यापारी हैं जिनके परिवार और कर्मचारियों को जोड़ने पर यह आकड़ा 50 करोड से अधिक लोगों के परिवारों के जीवन व्यापन से जुड़ा है। जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने सरकार से आग्रह किया है कि ई-कॉमर्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगना आवश्यक है। इससे सरकार को जहां एक ओर जीएसटी से बहुत अधिक लाभ होगा वहीं रिटेल व्यापारियों को इनसे प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी। भारत में वर्तमान समय में ई-कॉमर्स व्यापार 1,130 करोड़ डॉलर का है, जो की करीब 21 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। सरकार यदि 28 प्रतिशत जीएसटी इन पर लगाये तो भारत सरकार को करोड़ो डॉलर का अतिरिक्त लाभ होगा। जीएसटी विभाग की कार्यप्रणाली भी छोटे व्यापारियों को चिंता में डाल रही है। यूपीआई के माध्यम से किए गये लेनदेन की जांच करने की बात व्यापारियों में डर और दहशत का माहौल पैदा कर रही है। एक ओर सरकार यूपीआई को प्रोत्साहित करने के लिए आम लोगों से कह रही है वहीं दूसरी ओर व्यापारियों को परेशान कर रही है। जबलपुर चेम्बर के प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, अजय बख्तावर, अजय अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, वीरेन्द्र केशरवानी, नरिंदर सिंह पांधे, बलदीप सिंह मैनी, निखिल पाहवा, दीपक सेठी, संदेश जैन, जितेन्द्र पचौरी, राकेश श्रीवास्तव, शशिकांत पांडेय, जुगल किशोर तिवारी, उमेश ग्रावकर, योगेश बिंजोलकर आदि ने अपील की।

सफाई कार्यो में लगातार कोताही बरतने पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सफाई समिति पर लगाया फिर से जुर्माना

# सफाई व्यवस्था में कोताही बर्दास्त नहीं - निगमायुक्त

**श्री बर्फानी सिक्योरिटी सर्विसेस के ऊपर अधिरोपित किया गया 6 लाख रुपए का आर्थिक दंड**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था में अमूलचूल परिवर्तन लाने बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। उनके द्वारा आज स्पष्ट रूप से सभी को हिदायत दी गई कि सफाई के कार्यो में किसी प्रकार को कोई समझौता नहीं किया जायेगा और न ही कोई कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। संभाग क्रमांक 1,2,×, एवं 15 में सफाई संरक्षकों की स्वीकृत संख्या से कम श्रमिक लगाकर कार्य कराने एवं काम बंद हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई जिसकारण सफाई समिति के विरूद्ध एक बार फिर से निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा जुर्माना लगाया गया है। इसके पहले भी श्रीमती यादव ने इस समिति पर पेनाल्टी लगाने की कार्रवाई की थी। आज की कार्रवाई के संबंध में उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि संभाग क्रमांक 1,2,×, एवं 15 में समिति के द्वारा स्वीकृत संख्या से कम श्रमिक लगाकर कार्य कराये जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी वहीं श्रमिकों द्वारा की जा रही कामबंद हड़ताल के कारण सफाई कार्य प्रभावित हो रहा था, जिसके कारण समिति के विरूद्ध पेनाल्टी लगाने की कार्रवाई की गयी है। श्री अयाची ने बताया कि निगमायुक्त द्वारा प्रतिदिन शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ वार्डो में सफाई हेतु उपस्थित सफाई संरक्षकों की उपस्थिति की भी जानकारी ली जा रही है। निरीक्षण और पर्यावेक्षण के दौरान निगमायुक्त ने पाया कि सफाई समिति को संभाग क्रमांक 1,2,×, एवं 15 की सफाई का जिम्मा सौंपा गया है उनके द्वारा अनुबंध के अनुरूप सफाई संरक्षकों स्वीकृत संख्या से कम श्रमिक लगाये गए हैं और न ही सफाई व्यवस्था में कसावट लाने प्रयास किये जा रहे हैं, और श्रमिकों द्वारा कामबंद हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है जिसके कारण निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने श्री बर्फानी सिक्योंरिटी सर्विस नेपियर टाउन जबलपुर के ऊपर लगभग 6 लाख रूपये की पेनाल्टी लगाई गयी है जो माह जनवरी 2025 के देयक से कटौती की जायेगी।

# अजय सोनकर को अजाक्स संघ का पुनः प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी ने अपनी जारी विज्ञप्ति में बताया है कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष माननीय जे.एन.कंसोटिया (वरिष्ठ आई.ए.एस.) जी ने श्री अजय सोनकर जी को पुनः प्रांतीय उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। इस अवसर पर संघ के संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र तेकाम, जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी, सुभाष खण्डारे, राकेश समुन्द्रे,ऐबू डेविड, सुखदेव झारिया, डॉ अर्चना मरावी,दालचंद पासी, नेतराम झारिया, राजू मस्के ,टी आर चौधरी,इंजी.अभिषेक खटीक, ओ.पी. चौधरी, धर्मेंद्र कुकरेले, तुलसी तेकाम, रोहित डोंगरे, किशोर दहिया नरेंद्र ऊईके मुकेश मेहरा बी देवराज विजय दहिया राधिका दाहिया सुशील डोंगरे पंकज एडला सुनील रैकवार उदयराज सिंह ठाकुर हिटलर अखैंल सुरेंद्र महोबिया , द्वारका कोरी, घनश्याम अहिरवार, हरिश्चंद्र महोबिया, किशोरी मरकाम, नन्हे भाई प्रधान,पवन बावरिया मुकेश मरकाम शिव प्रसाद कोरी रविशंकर कोरी,एम अप्पा राव नरेंद्र हेड़ाऊ शेख लाल आर्मो भान सिंह तेकाम, बालकृष्ण उईके,जसवंत करोसिया बी सत्यनारायण पप्पू गिरानियां वेंकट रमैया प्रविंद्र ग्वालवंश ऋषि झरिया पी एल महोबिया बलराम बाबू कोष्टा रमेश पहलवान मूलचंद अहिरवार रामकिशोर एडपाचे,शिव कुमार पटारिया राम शंकर श्रृंगी आदि ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

# अपने मरहूमीन की अब नहीं बनाएंगे पक्की कब्र, शाह समाज का सहारनीय निर्णय



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम कब्रिस्तानों में आज कल देखा जा रहा की कुछ लोग अपने परिवार के मरहूमीन की पक्की कब्र बनाकर कब्रिस्तान की जमीन में एक तरह से हमेशा के लिए कब्जा किया जा रहा हे या जो लोग जिंदा हे वह पहले से ही अपने दफन के लिए अपनी जगह घेर कर बेजा कब्जा कर रहे हे जिस वजह से निकट भविष्य में दफन करने के लिए कब्रिस्तान मे जगह कम पड़ जाएगी इस विषम परिस्थिति को देखते हुए मुस्लिम शाह समाज बिरादरी जिला जबलपुर की आज दिनांक 12/01/2025 को आयोजित बैठक मे प्रस्ताव पारित कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि शाह समाज बिरादरी जबलपुर अब अपने मरहूमीन की शहर के किसी भी कब्रिस्तान मे कोई भी पक्की कब्र नहीं बनवाएंगे । शाह बिरादरी का यह निर्णय उन लोगों के लिए एक मिशाल हे जो कब्रिस्तान की जमीन की अपनी निजी सम्पत्ति समझकर अपने परिवार के मरहूमीन की पक्की कब्र बनाकर जमीन पर हमेशा के लिए कब्जा कर रहे हे या ज्यादा जमीन घेर कर भविष्य में जमीन की किल्लत पैदा करने का प्रयास कर रहे हे। यह निर्णय पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अख्तर शाह जिला अध्यक्ष हसन शाह उपाध्यक्ष सफीर शाह ब सरपरस्त हाजी हकीम शाह, इफ्तिखार अहमद शाह मिर्जा, पीर मोहम्मद गामा, बाबा मोह कलीम शाह, कासिम शाह, बाबा नासिर शाह, मोह अतीक शाह, हाजी अजमेरी शाह, अनीस मोह शाह, हफीज शाह, ताहिर शाह,मोह नासिर अली आदि की मौजूदगी में लिया गया ।

# 2 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत के विकास कार्यो का हुआ भूमिपूजन और लोकार्पण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा शहर में बड़े पैमाने पर अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य लगातार कराये जा रहे हैं। आज इसी कड़ी में संभाग क्रमांक 12 घंटाघर और 13 मुख्यालय के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय, पं. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं दयानंद सरस्वती वार्ड के अंतर्गत 2 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत के विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण महापौर राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, सांसद आशीष दुबे, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, पूर्व मंत्री अंचल सोनकर, एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, पार्षद श्रीमती लवलीन आनंद, श्रीमती अर्चना सिसोदिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद गोवर्धन कश्यप, विमल राय, अविनाश चमकेल, क्षेत्रीय नागरिक ऋषि सोनकर, अमित यादव, मनीष अग्रहरि, रंजीत ठाकुर, रामराज पटैल, सुशील पटैल, अंकित पटैल, श्रीमती सरिता ठाकुर, सुमित रानी शर्मा, श्रीमती उषा चौधरी सहायक यंत्री सुनील दुबे,आदि उपस्थित रहे। महापौर ने विकास कार्यो के भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह के संबंध में बताते हुए कहा कि दर्शन चौक से गुरंदी बजार तक वर्षाऋतु में पानी का भराब होता था जिससे नागरिकों को राहत प्रदान करने 85 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया गया है। वहीं 35 लाख रूपये की लागत से मदन मोहन मालवीय वार्ड में नवनिर्मित शिव पार्वती वाटिका लोकार्पण कर नागरिकों को समर्पित किया गया है।

महापौर ने बताया कि घमापुर चौक से बिजासन मंदिर फूटाताल की ओर जाने वाली सड़क का 40 लाख रूपये की लागत से डामलीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया, डामलीकरण सड़क निर्माण से यहाँ के नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी एवं 12 लाख रूपये की लागत से भारतीपुर स्थित सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 36 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित दयानंद सरस्वती वार्ड अंतर्गत भँवरताल, शास्त्री ब्रिज रोड़ स्थित सुलभ काम्पलेक्स एवं दादा ठनठनपाल वार्ड अंतर्गत कटंगी बायपास चौराहा स्थित सुलभ काम्पलेक्स का लोकार्पण किया गया।

# राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यासागर के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर सुवर्ण प्राशन संस्कार का भव्य आयोजन

**आयुर्वेद बनेगा नौनिहालों का सुरक्षा कवच**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्?यासागर महामुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार, 15 जनवरी 2025 को जबलपुर में सुवर्ण प्राशन संस्कार का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का संयोजन श्री दिगम्बर जैन संरक्षिणी सभा, दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा, अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद, पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान वि?द्यापीठ, और सकल जैन समाज, जबलपुर के तत्वावधान में किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद, निर्व्यापक श्रमण मुनि श्री संभव सागर महाराज, और आर्थिका विमलमति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में होगा। यह आयोजन दोपहर ।बजे तमरहाई स्कूल, जबलपुर नै शुरू होगा।

इस कार्यक्रम का उ?द्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था। कार्यक्रम के दौरान महाकौशल प्रांत प्रचारक अकांत, कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन, तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अभिलाष पांडे (विधायक, मध्य क्षेत्र) एवं इंदु तिवारी है।

इस शिविर में जिला स्तर पर एक ही दिन में सबसे अधिक बच्चों को आयुर्वेदिक इम्यूनिटी बूस्टर डोज़ वितरित किया जाएगा। यह एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का प्रयास होगा, जिसके लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रस्ताव भेजा जाएगा।

आचार्य वि?द्यासागर महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर यह आयोजन बच्चों की सेहत और पोषण को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। यह न केवल बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगा, बल्कि उनके स्वास्थ्य की दिशा में समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को भी पूरा करेगा।

इस आयोजन में जिला और निगम प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्जू, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, कलेक्टर दीपक सक्सेना, और निगमायुक्त प्रीति यादव, धनश्याम सोनी ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा विभाग एवं जैन समाज के सहयोग से 1000 से अधिक प्रशिक्षित वॉलंटियर्स इस कार्यक्रम में सुवर्ण प्राशन संस्कार की प्रक्रिया के साथ सभी बच्चों का आधिकारिक रिकॉर्ड तैयार करेंगे।

कार्यक्रम का समय: सुबह 9ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक स्थान: तमरहाई स्कूल, जबलपुर एवं जबलपुर जिला की सभी स्कूल यह आयोजन समाज और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल है, जो भारत में आयुर्वेद के महत्व को विश्व पटल पर पुनः स्थापित करेगा।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना घमापुर मे नारायण सिंह राजपूत उम्र 41 वर्ष निवासी सरकारी कुआ हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सवारी आटो चलाता है रात्रि लगभग 10 बजे अपना ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एच 0983 को बाम्बे टेलर्स के बाजू मे चार्जिंग प्वाइंट मे रोड़ पर ही खड़ा करके चार्ज कर रहा था वह चार्जिंग प्वाइंट दुकान के अंदर था बाहर से दुकान का शटर बंद था वह दुकान के अंदर था उसका ई रिक्शा रोड़ पर ही चार्ज हो रहा था रात्रि लगभग 3 बजे शटर उठाकर देखा उसका ई रिक्शा गायब था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

# बस के कुचलने से मोटर साइकल सवार युवक की मौत



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर स्थित धनी की कुटिया अधारताल क्षेत्र में उस वक्त चीख पुकार मच गई, जब तेज गति से आ रही बस ने मोटर साइकल सवार युवक को टक्कर मारकर कुचल दिया. हादसे में युवक के सिर पर गंभीर चोटें आने से मौके पर ही मौत हो गई. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाकर बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया.

पुलिस के अनुसार गुप्ता नगर मेडिकल क्षेत्र निवासी विकास ठाकुर उम्र 25 वर्ष अधारताल किसी काम से आया था. जब वह धनी की कुटिया अधारताल क्षेत्र से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान सिहोरा की ओर से आई बस के चालक ने टक्कर मार दी. बस की टक्कर लगते विकास ठाकुर मोटर साइकल सहित सामने की ओर गिरा, जिसे बस चालक कुचलते हुए निकल गया. युवक को बस के नीचे आते देख आसपास के लोगों में चीख पुकार मच गई. कुछ लोगो ने बस चालक को पकड़कर पुलिस को खबर दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचा दिया. हादसे के बाद मौके पर क्षेत्रीय लोगों की मौत एकत्र हो गई थी. जिन्होने घटना पर आक्रोश जताया.

मोटर साइकल में भिड़ंत, एक की मौत, तीन घायल-

इसी तरह दमोह जिले के मारुताल क्षेत्र में मोटर साइकलों में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई. हादसे में सोनू रजक के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौत हो गई. वहीं तीन लोगों को गंभीर चोटें आई. जिन्हे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया.

डाक्टरों ने हालत को देखते हुए घायलों को भरती कर लिया. हादसा उस वक्त हुआ है जब सोनू अपनी साली पुष्पा रजक उम्र 20 वर्ष को मोटर साइकल में बिठाकर मगरोन से हरदुआ मुड़ जाने निकला था. दुर्घटना में नीलेश अहिरवार, कौशल अहिरवार को चोटें आई है.

# शराब पीने के लिये पैसों की मांग मना किया तो युवक पर जानलेवा हमला किया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना तिलवारा में रात्रि रिपोर्ट मनीष पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी रामनगर शाहनाला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 12-1-25 की शाम लगभग 6-30 बजे अपने घर के सामने खड़ा था तभी मोहल्ले गगन केवट एवं पारस पटैल आकर उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना किया तो गगन केवट ने चाकू से हमलाकर कलाई, कंधे, सीना, सिर जांघ में चोटें पहुँचा दीं आवाज सुनकर उसके पिता जी मनोहर पटैल और आर्यन दौड़कर आयेतो गगन केवट ने चाकू से हमलाकर कर पिजाती के वायीं हथेली में चोट पहुँचा दी फिर पारस बोला कि थाना में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देगें। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना गोरखपुर मे दिनांक 12-1-25 की रात्रि आदर्श कोरी उम्र 24 वर्ष निवासी सेठीनगर गुप्तेश्वर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैनर प्रिंटिंग का काम करता है दिनांक 12-1-25 की शाम लगभग 7-45 बजे वह एवं अमित ठाकुर मोटर सायकल से ग्वारीघाट से बेनर प्रिंटिंग का काम करके वापस सेठीनगर जा रहे थे बादशाह हलवाई मंदिर के पास चौधरी मोहल्ला रामपुर तरफ अंदर रोड़ से जा रहे थे चौधरी मोहल्ला पम्प हाउस के पास पहुँचे तभी 2 मोटर सायकल साहिल यादव एवं कबीर यादव आये एव हमारा रास्ता रोककर शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये की मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे साहिल यादव ने चाकू से हमलाकर वायें पैर की जांघ में चोट पहुँचा दी तथा जातिगत शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 126(2), 115(2), 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2) व्हीए एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जुए के फड़ों पर छापा, 12 जुआड़ी गिरफ्तार, 8 हजार 200 रूपये जप्त



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना प्रभारी सिविल लाईन श्री नेहरू सिंह खण्डाते ने बताया कि दिनांक 11-1-25 को देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि पावर हाउस के पास शंकर मंदिर के पास तथा गोकुलदास घर्मशाला के पास कुछ लोग ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थानों पर दबिश दी गई जहां शंकर मंदिर के चबूतरा में लाइट के उजाले में अमित सिंह नेगी निवासी बम्बा देवी मंदिर के पास घमापुर, राहुल पटैल निवासी चाचा किराना के पीछे पटेल मोहल्ला घमापुर, गोपाल सिंह चंदेल निवासी छुई खदान सिविल लाईन एवं संजय पाण्डै, शैलेन्द दुबे दोनों निवासी पावर हाउस के पीछे इंद्रामार्केट, रामाधार चौधरी उर्फप्रिंस निवासी पुरानी बस्ती कांचघर तथा विजय मिश्रा निवासी मालगुजार परिसर अमखेरा गोहलपुर, सत्यप्रकाश वर्मा निवासी शंकर जी मंदिर के सामने तलैया गुजराती कालोनी चेरीताल कोतवाली, पवन ठाकुर निवासी शुक्ला होटल कांचघर घमापुर के जुआ खेलते मिले । इसी प्रकर गोकुलदास धर्मशाला के पीछे दबिश देते हुये अरूण कोल निवासी पावर हाउस के पीछे सिविल लाईन, प्रदीप चौधरी निवासी झंडा चौक घमापुर, नीरज गोटिया निवासी झंडा चौक कांचघर को ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पकड़ा गया जुआरियों के पास तथा फड़ों से ताश के 52-52 पत्ते एवं 8200 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**दमोह में संचालित जुआंफड़ पर पुलिस की दबिश**

दमोह. एमपी के दमोह स्थित जटाशंकर क्षेत्र में पुलिस ने एक ऐसे जुआंफड़ पर छापा मारा है. जहां पर आसपास के जिलों से से जुआंड़ी खेलने के लिए आते थे. पुलिस ने जुआंफड़ से 17 जुआड़ियों से 16 लाख 5 हजार रुपए बरामद किए है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जटाशंकर क्षेत्र में लम्बे समय से जुआंफड़ संचालित हो रहा था, जहां पर जबलपुर, सागर सहित आसपास क्षेत्र के जुआंड़ी खेलने के लिए आते रहे. बीती देर रात भी जुआंड़ी एकत्र हुए थे, इस बात की खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी. पुलिस को देखते ही जुआंडियों में अफरातफरी व भगदड़ मच गई.

## भोपाल-बीना-भोपाल पैसेंजर ट्रेन एवं एक्सप्रेस ट्रेन की सेवाएं पुन: बहाल

जबलपुर - रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व में निरस्त की गई गाड़ी संख्या 61631/61632 भोपाल-बीना-भोपाल पैसेंजर और गाड़ी संख्या 11605/11606 भोपाल-बीना-भोपाल एक्सप्रेस की सेवाएं दिनांक 14.01.2025 से पुन: बहाल की जा रही हैं।

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान किसी असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवाओं जैसे हझ्ञश्वस्र या 139 के माध्यम से गाड़ियों की सही स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

# स्कूली छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मामा ने लगाए आरोप

## पिता की सेकेंड मैरिज, चोरी के आरोप से थी दुखी



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर स्थित चंदन कालोनी गंगानगर में रहने वाली स्कूली छात्रा ने आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई. वहीं छात्रा के मामला ने उसके पिता पर गंभीर आरोप लगाए है.

बताया गया है कि मृतका के मामा ने आरोप लगाए है कि उनकी भांजी के पिता ने दो शादियां की थी. जिसके चलते वे बेटी पर ध्यान नहीं देते थे. यहां तक कि कुछ वक्त पूर्व उन्होने बेटी पर चोरी का आरोप लगाया था. इसके बाद से छात्रा व्यथित रही. मानसिक रुप से परेशान हो चुकी छात्रा ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए, जिन्होने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम जांच शुरु कर दी है. पुलिस कना है कि अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. मर्ग जांच में जो भी तथ्य सामने आएगें उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी.

## भाजपा जबलपुर ने घोषित किए संविधान गौरव अभियान हेतु प्रभारी

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू द्वारा भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर शुरू किए जा रहे दिनांक 11 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले संविधान गौरव दिवस को लेकर कार्यक्रम प्रभारियों की घोषणा की गई है। संविधान गौरव दिवस हेतु शिवराम बेन,डॉ.जयराम तिवारी,शिवा चौधरी एवं एड राहुल श्रीवास्तव को महानगर प्रभारी घोषित किया गया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर**

**पत्र क्रं./बा.वि./2024/978 दिनांक 10/01/2025**

**दुकान नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **डॉ. हर्ष मित्तल, पिता- श्री नंदराम गुप्ता** द्वारा **आवेदन पत्र, शपथपत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीहतनामा** के आधार पर निगम स्वामित्व की **मोटर स्टैण्ड पश्चिम विंग मार्केट दुकान क्रं. 31 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.57 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**बाजार अधीक्षक**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/268/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती चम्पाकली शुक्ला, पति -स्व. श्री गोविंद प्रसाद शुक्ला एवं श्री सुरेन्द्र कुमार, श्री शैलेन्द्र कुमार, पिता- स्व. श्री गोविंद प्रसाद शुक्ला** ने भवन क्रंमाक. 480 **वार्ड शंकरशाह नगर वार्ड ,** भूतल 1600 व.फु., प्रथमतल 500 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा प्रपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 480 **वार्ड शंकरशाह नगर वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री जी.पी.शुक्ला, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/270/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री गुलशन पंजाबी, पति- श्री ओमप्रकाश पंजाबी,** ने भवन क्रंमाक. 1728/पी **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** प्लाट 1500 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 400 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1728/पी **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री सुबिमल शोम पिता स्व. श्री प्रफुल्ल कुमार शोम, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/269/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राम अवतार शारदा, पिता- श्री नथमल शारदा** ने भवन क्रंमाक. 1986/1 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** भूतल 1400 व.फु., प्रथमतल 1400 व.फु., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1986/1 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री सुरेश शारदा, पिता- नथमल शारदा, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/272/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रचना भैरवे, पति- श्री आनंद प्रकाश भैरवे** ने भवन क्रंमाक. प्लाट नं. आर/5 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** प्लाट 3000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. प्लाट नं. आर/5 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री प्रकाश चंद्र शर्मा, पिता श्री नानक चंद्र शर्मा, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/271/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती जूही राय, पति- श्री प्रियंक राय** ने भवन क्रंमाक. 3059 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** भूतल 2000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 3059 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री अरूण शर्मा, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/274/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती विजयलक्ष्मी पिल्ले, पति- स्व. श्री दिनेश पिल्ले,** ने भवन क्रंमाक. 1213 बी 7 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** भूतल 300 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1213 बी 7 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री दिनेश पिल्ले, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/273/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विमल किशोर स्वामी, पिता- श्री देवी प्रसाद स्वामी** ने भवन क्रंमाक. पी.नं. 16 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** प्लाट 845 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. पी.नं. 16 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री धीरज गाँधी, पिता- श्री मदन लाल, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/276/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री संजय चंदानी, पिता- श्री हासाराम चंदानी** ने भवन क्रंमाक. एल.आई.जी-2 **वार्ड शंकरशाह नगर वार्ड ,** भूतल 650 व.फु., प्रथमतल 650 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. एल.आई.जी-2 **वार्ड शंकरशाह नगर वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती ग्यारसी बाई परते, पति- श्री भोरेलाल परते, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/275/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री कुलवंत सिंह, पिता- श्री कुंदन सिंह, एवं श्रीमती परमजीत कौर, पति- श्री कुलवंत सिंह** ने भवन क्रंमाक. फ्लैट नं. 202 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** द्वितीयतल 750 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. फ्लैट नं. 202 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री अनमोल बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/278/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुनीता सेन, पति- श्री प्रहलाद कुमार सेन** ने भवन क्रंमाक. 2917 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** प्लाट 1500 व.फु., भूतल 750 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 2917 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड** ,पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती माधुरी खम्परिया/ ब्रजेन्द्र भूषण, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/277/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अरविन्द हौज, पिता- श्री सोलोमन हौज,** ने भवन क्रंमाक. 675/1/पी/202 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** भूतल 600 व.फु., प्रथमतल 600 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 675/1/ पी/202 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड** ,पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती ममता सिंह/ सुनील सिंह, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/267/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री भुनेश्वर प्रसाद पाण्डेय, पिता- श्री दुर्गा प्रसाद पाण्डेय** ने भवन क्रंमाक. खसरा नं. 77/13 का हिस्सा **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** भूतल 700 व.फु., प्रथमतल 700 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. खसरा नं. 77/13 का हिस्सा **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती ऊषा पाण्डे, पति- श्री भुनेश्वर एवं श्री भुनेश्वर प्रसाद पाण्डे, पिता- श्री दुर्गा प्रसाद , के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/279/ दिनांक 13.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अयूब खान, पिता श्री युसुफ खान** ने भवन क्रंमाक. 1121 **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** भूतल 1066 व.फु., प्रथमतल 1066 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1121 **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती प्रमिला स्टीफन, पति- श्री एम.डी. स्टीफन, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999